हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–36 : जौनपुर, मंगलवार 27 सितम्बर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रुपया

## जब तक समस्या का निवारण नहीं हो जाता तब तक उसका फॉलोअप करते रहें–कर्नल समर विजय सिंह

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कानपुर प्रांत की वार्षिक प्रतिनिधि सभा कानपुर नगर के विश्वकर्मा मंदिर परिसर के प्रांगण में संपन्न हुई थी ! कार्यक्रम के मंचासीन पदाधिकारी इस प्रकार थे :– 1 मुख्य अतिथि कर्नल समर विजय सिंह उपाध्यक्ष अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद उत्तर प्रदेश 2 कर्नल शिवबालक सिंह , संगठन सचिव उत्तर प्रदेश 3 लेफ्टिनेंट कर्नल बृजपाल सिंह राठौर ,अध्यक्ष कानपुर प्रांत 4 मेजर बीएस तोमर , संगठन महासचिव कानपुर प्रांत 5 जेडब्ल्यू पहलाद सिंह , पूर्व राष्ट्रीय संगठन सचिव तथा संगठन के फाउंडर मेंबर 6 सूबेदार मेजर पुष्पेंद्र सिंह भदौरिया , महासचिव कानपुर प्रांत 7 जालौन जनपद से कैप्टन महेंद्र सिंह राजावत (80 वर्ष अधिक वरिष्ठ सदस्य) 8 वारंट ऑफिसर सत्यनारायण द्विवेदी कानपुर जनपद (80 वर्ष से अधिक वरिष्ठ सदस्य) उपरोक्त मंचासीन अतिथियों के अतिरिक्त 12 जनपद से पधारे 70 प्रतिनिधियों ने इस एजीएम में अपनी भागीदारी दी!कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि के साथ हुआ ! तत्पश्चात सभा में उपस्थित सभी प्रतिनिधियों ने 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की! इसके बाद नायक प्रमोद कुमार के द्वारा संगठन गीत के साथ कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई! कानपुर प्रांत के महासचिव सूबेदार मेजर पुष्पेंद्र सिंह ने सभी का स्वागत किया तथा अतिथियों एवं अन्य मनचासिन पदाधिकारियों का परिचय करा कर धन्यवाद किया! मुख्य अतिथि कर्नल समर विजय सिंह ने 12 जनपद से आए प्रतिनिधियों का परिचय , स्वागत व सम्मान किया ! लेफ्टिनेंट कर्नल बृजपाल सिंह राठौर ने 12 जनपद के प्रत्येक उत्कृष्ट कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया ! कानपुर प्रांत के अध्यक्ष ने प्रांतीय कार्यकारिणी का



पुनर्गठन की उद्घोषणा कीया ! जिसे सर्वसम्मति से पास कर दिया गया(list att) ! समय को ध्यान में रखते हुए मुख्य अतिथि ने उन्मुक्त चर्चा करवाई ! खुले मंच पर उन्मुक्त चर्चा हुई ! मंचासीन पदाधिकारियों द्वारा समस्याओं का निवारण किया गया! इस चर्चा में म्बै‍ वे चंतीं चच पर ज्यादातर प्रतिनिधियों के मन में शंका थी ! जिसे कर्नल समर विजय सिंह बहुत ही अच्छी तरीके से समझा कर सभी प्रतिनिधियों को संतुष्ट किया! कर्नल शिवबालक सिंह ने अपने उद्बोधन भाषण में संगठन को मजबूत बनाएं तथा राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया ! उन्होंने यह भी बताया हम सभी को अपने निजी हितों से ऊपर उठकर राष्ट्र एवं समाज हित में सर्वोपरि कार्य करना है! मुख्य अतिथि कर्नल समर विजय सिंह ने अपने उद्बोधन भाषण में बताया हमारा सैनिक गरिमा और स्वाभिमान के साथ जिए ! यदि उनकी कोई समस्या आती है उसके निवारण के लिए संबंधित अधिकारी से सैनिक गरिमा से मिले और अपनी बात रखें ! जब तक समस्या का निवारण नहीं हो जाता तब तक उसका फॉलोअप करते रहें ! उन्होंने सदस्य संख्या बढ़ाने पर भी जोर दिया ! मुख्य अतिथि ने पॉलीक्लिनिक तथा स्पर्श ऐप के बारे में डिटेल में बताया और उन्होंने यह भी बताया स्पर्श में किसी भी सैनिक की पेंशन बंद नहीं होगी ! जो अफवाह इस विषय पर`वबपंस उमकपं मे चल रही है उनसे बचे ! उन्होंने बताया आप अपने डॉक्यूमेंट मैं सभी जगह पत्नी का नाम, जन्मतिथि इत्यादि मिला ले यदि कोइ कमी हे उसे ठीक कर ले ! जिससे कि भविष्य में किसी प्रकार की पेंशन में रुकावट ना आए ! भोजन उपरांत 12 जनपद से आए प्रतिनिधियों के व्रत प्रस्तुतीकरण संपन्न हुआ सभी जिलों ने वृत निवेदन प्रस्तुत किया ! सभी ने बताया संगठन के मुख्य कार्यक्रम जैसे विजय दिवस,कारगिल विजय दिवस, नेताजी सुभाष चंद जयंती दिवस, गणतंत्र दिवस तथा स्वतंत्रता दिवस इत्यादि बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं ! Lt Col बृजपाल सिंह राठौर ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में संगठन के अच्छे कार्यों के लिए प्रतिनिधियों को शाबाशी दी! सभी एकजुट रह कर संगठन को ओर मजबूत बनाएं ! उन्होंने यह भी बताया 25 नवंबर को राष्ट्रीय एजीएम पुरी में हो रही है उसको सफल बनाने के लिए कानपुर प्रांत से जो प्रतिनिधि इस एजीएम सभा मैं जा रहे हैं ! वह अपना भरपूर सहयोग करें तथा इस कार्यक्रम को सफल बनाएं ! इस महीने ललितपुर जनपद की नई इकाई खड़ी की गई थी उनके प्रतिनिधियों को मंच पर बुलाकर उन का मनोबल बढ़ाने के लिए उनका स्वागत किया ! कानपुर इकाई की सुंदर व्यवस्था के लिए बहुत बहुत बधाई दी! कानपुर इकाई के अध्यक्ष सूबेदार हरमोहन सिंह ने सभी अतिथियों एवं पदाधिकारी गणमान्य जनों का धन्यवाद ज्ञापित किया ! उन्होंने अपनी कानपुर की टीम को कार्यक्रम सफल बनाने के लिए उनकी भूरी भूरी प्रशंसा की। अंत में राष्ट्रगान के पश्चात एजीएम समाप्त घोषित की गई तथा चाय नाश्ता कराके सभी प्रतिनिधियों को विदा किया।

## डीडीयू चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने विश्व विद्यालय परिसर में किया आत्महत्या : कैंसर से था पीड़ित

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने क्लास रूम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अन्य कर्मचारियों ने लाश देखकर पुलिस को खबर की। घटनास्थल पर पुलिस पहुंच कर शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय में रविवार को चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी विभुती प्रसाद ने आत्महत्या कर ली। उनकी लाश बीएड विभाग के क्लास रूम में लटकते हुए मिली। अन्य कर्मचारियों ने जब क्लास रूम में शव लटकता हुआ देखा तो इसकी सूचना कैंट पुलिस को दी। मौके पर पहुंचकर कैंट पुलिस ने लाश को नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महराजगंज जिले के श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र स्थित पिपरपाती निवासी 56 वर्षीय विभूती प्रसाद गोरखपुर विश्वविद्यालय में चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी थे। वह रुस्तमपुर में रहते थे। डीडीयू विश्वविद्यालय में पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर तीन दिवसीय (24–26 सितम्बर) तक 'राष्ट्रीय चेतना उत्सव' के मद्देनजर सभी शिक्षकों व कर्मचारियों की छुट्टी निरस्त कर दी गई है। इसके बदले में उन्हें प्रतिकर अवकाश दिए जाने की घोषणा की गई थी। इस कार्यक्रम में तीनों दिन सभी को विश्वविद्यालय पहुंचना अनिवार्य था।रविवार को सभी शिक्षक व कर्मचारी जहां कार्यक्रम चल रहा था, वहां पहुंचे थे। बीएड विभाग के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी विभूती प्रसाद भी पहुंचे थे। विभूती ने भी सुबह विभाग खोलकर बायोमीट्रिक अटेंडेंस लगाया था। विभूती की जेब से पुलिस ने जो सुसाइड नोट बरामद किया है उसमे लिखा था, 'मैं सुसाइड नोट इसलिए लिख रहा हूं की लोग जाने की मैं फांसी क्यों लगाया हूं। मेरी पत्नी की मृत्यु हो चुकी है, मैं दो साल से पेट के रोग से परेशान हूं, मेरे पेट में कैंसर हो गया है काफी दर्द रहता है इसलिए मैं आत्महत्या कर रहा हूं।' आत्महत्या की सूचना पर पहुंचे बच्चों ने बताया कि उन्हें दिक्कत थी लेकिन बहुत कुछ शेयर नहीं करते थे। विभूती के दो बच्चे कौशल कुमार गौड़ और प्रमोद गौड़ हैं। एसपी सीटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि कर्मचारी विभुती प्रसाद के जेब से एक सुसाइट नोट बरामद हुआ है। जिसमें लिखा था कि दो साल से कैंसर से पीड़ित हूं और अब नहीं जीना चाहता इसलिए आत्महत्या कर रहा हूं।

## इंस्पेक्टर आलोक राय के नेतृत्व में कृष्णानगर पुलिस ने मोबाइल चोरी करने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। कमिश्नरेट लखनऊ में अपराध की रोकथाम व अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु एस.बी. शिरडकर, पुलिस आयुक्त लखनऊ के द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर्णा रजत कौशिक, पुलिस उपायुक्त मध्य लखनऊ, राजेश कुमार श्रीवास्तव, अपर पुलिस उपायुक्त मध्य लखनऊ के कुशल पर्यवेक्षण एवं अरविन्द कुमार वर्मा, सहायक पुलिस आयुक्त कृष्णानगर लखनऊ के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक कृष्णानगर आलोक कुमार राय के नेतृत्व में गठित थाना कृष्णानगर पुलिस टीम द्वारा मोबाइल चोरी करने वाला 01 नफर शातिर अभियुक्त 1. अजय पुत्र राम सकल निवासी ग्राम पिड़ारी, पोस्ट मोलनापुर थाना धनघटा जनपद सन्तकबीर नगर हालपता राहुल का किराये का मकान दामोदर नगर बैकुण्ठ धाम के पास थाना कृष्णानगर जनपद लखनऊ उम्र 25 वर्ष को मुखबिर की सूचना पर अजन्ता टावर के पास से दिनांक 26.09.2022 को रात्रि समय करीब 00.10 बजे चोरी के 03 अदद विभिन्न कम्पनी के मोबाइल तथा मोबाइल चोरी के कुल 720



रुपये नगद समेत गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। इंस्पेक्टर आलोक राय ने बताया कि माल बरामदगी के आधार अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 494 / 2022 धारा 41सीआरपीसी व 411/414 भादवि0 पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेज कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## काफी गहमागहमी के बाद कोटे का चयन बीडीओ ज्ञानेंद्र मिश्र की अगुवाई में हुआ सम्पन्न

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : सोमवार को विकास खंड कूरेभार के एक गांव में कोटे को लेकर काफी गहमागहमी का माहौल था,कारण था तीसरी बार कोटे का चुनाव होना,इसी को ध्यान में रखते हुए



बीडीओ ज्ञानेंद्र मिश्र ने भारी पुलिस बल की मौजूदगी में शांति पूर्ण ढंग से चुनाव सम्पन्न कराया ।जिसमे पूर्व में जीते राम चंदर वर्मा को आई हुई जनता ने फिर से जीत दिलायी । बताते चलें कूरेभार ब्लॉक के लमकना दुबेपुर गांव में कोटे का चुनाव क्षेत्र में काफी समय से चर्चा व कौतूहल का विषय बना हुआ था। जहां पर दो बार चुनाव भी हुआ लेकिन विबाद के चलते कोटे का चयन रद्द होता रहा ।जिसको लेकर सोमवार को तीसरी बार शासन प्रशासन की कड़ी निगरानी में शांति पूर्ण ढंग से चुनाव सम्पन कराया गया। जिसमे बीडीओ ज्ञानेंद्र मिश्र,सीओ बल्दीराय, कूरेभार थाना के उप निरीक्षक एन बी सिंह धनपतगंज के इंस्पेक्टर श्रीराम पांडेय ,समेत कई थानों की पहुँची फोर्स का कोटे के चयन में शांतिपूर्ण तरीके से निपटाने में योगदान रहा। इसके पहले कराए गए दो चुनाव में दोनों पक्षों में काफी विबाद के चलते दोनो बार कोटे की चयन प्रक्रिया को स्थगित कर दिया गया था ।मौके पर बीडीओ ज्ञानेंद्र मिश्र स्वयं कमान संभालते हुए दोनों पक्षो की गिनती कराई। फिलहाल राम चन्द्र वर्मा ने अपने प्रतिद्वंद्वी राम निहाल चौहान को तीसरी बार भी 38 वोटों से पराजित किया। इस पूरे मामले पर बीडीओ ज्ञानेंद्र मिश्र ने मीडिया को जानकारी दी। इस दौरान तहसील जयसिंहपुर के एसडीएम( न्यायिक)अरविंद कुमार,सीओ बल्दीराय राजा राम चौधरी,बीडीओ कूरेभार ज्ञानेंद्र मिश्रा,एडीओ पंचायत प्रकाश कुमार मिश्रा, ग्राम पंचायत अधिकारी भोला नाथ तिवारी,दिलीप पाठक, गुप्ता ।धनपतगंज थाना निरीक्षक श्री राम मिश्रा, हलियापुर एसओ आरबी सुमन,कूरेभार उप निरीक्षक एनबी सिंह सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

## जिलाधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में महात्मा गांधी जयंती समारोह को मनाने हेतु बैठक कर दिये निर्देश

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में महात्मा गांधी जयंती समारोह 02 अक्टूबर 2022 को धूमधाम से मनाये जाने के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने कार्यक्रम की रूप रेखा तय करते हुए सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को उनके विभागीय कार्यों के अनुरूप आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पहले से ही सभी सरकारी भवनों, कार्यालयों, सार्वजनिक स्थलों व मलिन बस्तियों में साफ–सफाई सुनिश्चित कर लिया जाए। महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों का माल्यर्पण किया जाए। उन्होंने कहा कि रात्रि में सभी प्रमुख स्थानों पर रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। 02 अक्टूबर को जनपद में होने वाले कार्यक्रमों की निर्धारित रूप रेखा के अनुसार बताया कि प्रातः 06 बजे स्कूली बच्चों द्वारा प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 02 अक्टूबर को सभी राजकीय भवनों एवं शिक्षण संस्थाओं पर राष्ट्रीय ध्वज प्रातः 09 बजे फहराया जायेगा, तदुपरान्त खरका तिराहे पर स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। प्रातः 9:00 से इंदिरा गांधी स्टेडियम सिद्धिकपुर में स्टेडियम के अंदर 05 किलोमीटर क्रास कंट्री रेस का आयोजन किया जाएगा। प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक जिला कारागार में खेलकूद एवं कैदियों को फल आदि वितरण तदोपरांत महात्मा गांधी एवं मद्य निषेध पर विचार गोष्ठी एवं 1:00 बजे से कवि सम्मेलन का आयोजन किया



जाएगा। प्रातः 9:00 से 11:00 तक विभिन्न मलिन बस्तियों में सांस्कृतिक कार्यक्रम स्वास्थ्य शिविर तथा सभी मलिन बस्तियों एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पूर्ण रूप से साफ सफाई एवं चूने का छिड़काव किए जाने के निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिए गए। जिलाधिकारी ने नगर निकायों एवं वार्डो में साफ–सफाई सुनिश्चित करने के दृष्टिगत सम्बंधित अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने खादी ग्रामोद्योग द्वारा खादी के प्रचार प्रसार के लिए प्रदर्शनी आदि का आयोजन किए जाने के निर्देश दिए। जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि गांधी जयंती के अवसर पर स्कूलों के मादक पदार्थों के सेवन से बचाव की शपथ दिलाई जाए साथ ही जनपद में दोहरा एवं अवैध ड्रग्स आदि पर अभियान चलाकर कार्यवाही किए जाने के निर्देश जिला अधिकारी के द्वारा दिए गए।

## नगर विकास विभाग उ.प्र. द्वारा एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया शुभारम्भ

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। निदेशक स्थानीय निकाय श्रीमती नेहा शर्मा ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन, शुरुआत से ही एक जन आंदोलन के रुप में देखा गया है। इसका जन–जन तक पहुंचना और इसमें, जन सहभागिता का होना बहुत जरुरी है। उन्होंने कहा कि इसकी शुरुआत हमारे आपके घर से होती है। कूड़ा को अलग–अलग करना (सूखा और गीला कूड़ा ) इसका पहला कदम है। हमें यह समझाने की जरूरत है। श्रीमती नेहा शर्मा ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन अपने आप में माननीय प्रधानमंत्री का एक बहुत ही प्रिय मिशन है। निदेशक स्थानीय निकाय श्रीमती नेहा शर्मा सोमवार को नगर विकास विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा स्थानीय निकाय निदेशालय में एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर आयोजित 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारम्भ पर संबोधित कर रहीं थी। इस कार्यक्रम में प्रदेश भर से आए जिला कार्यक्रम समन्वयक समेत स्वच्छ भारत मिशन से जुड़े अन्य अधिकारी शामिल हुए। प्रशिक्षण कार्यक्रम GIZ (under German Development Cooperation ) के तकनीकी सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में ठोस अपशिष्ट से निपटने के लिए स्थानीय निकायों में मैटीरियल रिकवरी फैसिलिटी स्थापित करने और सतत संचालन के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। मेरठ को मिली नई पहचान इस दौरान निदेशक



ने मेरठ जनपद के कबाड़ से जुगाड़ अभियान की प्रशंसा की। इस अभियान का उल्लेख माननीय प्रधानमंत्री जी ने रविवार को प्रसारित लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात में किया था। प्रशिक्षण कार्यक्रम में श्रीमती नेहा शर्मा ने कहा कि इस अभियान से मेरठ जनपद को एक नई पहचान मिली है। GIZ की तरफ से आए विशेषज्ञ सौरभ मनुजा ने बताया कि प्रशिक्षण के माध्यम से प्रदेश के नगर निकायों को ठोस अपशिष्ट से निपटने के लिए तैयार किया जा रहा है। प्रशिक्षण के बाद, प्रतिभागी अपनी स्थानीय अर्थव्यवस्था के भीतर गैर–बायोडिग्रेडेबल अपशिष्ट पदार्थों के प्रवाह का विश्लेषण करने, पर्यावरण में उनके रिसाव को रोकने के लिए रणनीतियों को डिजाइन और कार्यान्वित करने में सक्षम होंगे।

## उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गौशालाओं में गायों को वैक्सीन लगाने का किया जाएगा काम

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : प्रदेश में फैली लंपी बीमारी को लेकर के उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री खासतौर से बैक्सीनेशन कराने में जोड़ भर दिए है गोरखपुर मंडल में वैक्सीनेशन करने के लिए पांच लाख लंपी बीमारी बैक्सीन आई हुई है अभी सभी जिलों को वैक्सीन



को डिसटीब्यूट किया जाएगा आज गोरखपुर जिले में बने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गौशालाओं में गायों को वैक्सीन लगाने का काम किया जाएगा कल के बाद घर घर जाकर के पशु स्वास्थ्य विभाग की टीम वैक्सीनेशन करने का काम करेगी जिसकी तैयारी पशु स्वास्थ्य विभाग ने पूरी कर ली है वही गोरखपुर के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर डीपी सिंह का कहना है कि गोरखपुर जिले में हम बीमारी को फैलने नहीं देंगे प्रदेश सरकार की आकांक्षाओं पर गोरखपुर का पशु स्वास्थ्य विभाग की टीम खरा उतरने का काम करेगी जिसके लिए आज से यह कार्य शुरू कर दिया गया है आज गोरखपुर सी डी ओ संजय कुमार मीना द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किए है वही जिला पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर बी पी सिंह सहित पशु चिकित्सक इस समय मौजूद रहे।

*–सुविचार–*

इस धरा का, इस धरा पर, सब धरा रह जायेगा।

*–साभार ज्ञानामृत पत्रिका*

## सम्पादकीय

## जलवायु परिवर्तन और शहरी नियोजन की अनदेखी से बढ़ता संकट

क्या भोजन के लिए 10 मिनट की डिलीवरी के बजाय काम करने के लिए 10 मिनट की पैदल दूरी बेहतर नहीं होगी? प्रत्येक भारतीय शहर में आदर्श रूप से एक मास्टर प्लान–यानी एक रणनीतिक शहरी नियोजन दस्तावेज होना चाहिए, जिसे एक–दो दशक के अंतराल पर नियमित रूप से अद्यतन (अप–टू–डेट) किया जाए।

दिल्ली–राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पानी से भरी सड़कें, रेंगती गाड़ियों, टूटे वाहनों और घुटनों तक गहरे पानी में अपने दोपहिया वाहनों के साथ चलने वाले नागरिक जैसे परिचित दृश्यों की वापसी के लिए भारी बारिश के सिर्फ एक दिन का समय लगा। बिजली कटौती, ढहती दीवारों और बिजली के झटके के कारण लोगों की मौत भी हुई। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में इस तरह के दृश्य नए नहीं हैं।

हर बार बारिश के दौरान ऐसे दृश्य दिखाई देते हैं। चूंकि जलवायु परिवर्तन के कारण मानसून के स्वरूप में भी परिवर्तन आया है और बारिश कई बार देर तक और बहुत अधिक होती है, ऐसे में, लोगों को ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मानसून से होने वाली परेशानियों के दृश्य पूरे देश में एक जैसे दिखाई देते हैं। उदाहरण के लिए, दो सप्ताह पहले, बंगलुरु की 126 झीलें उफान पर थीं।

इससे वहां महादेवपुरा, बेलंदूर, बोम्मनहल्ली, मुन्नेकोलालु आदि इलाकों में जल जमाव की स्थिति थी। आलम यह था कि 2,000 से अधिक घरों में बाढ़ का पानी आ गया था और करीब 10,000 घर अलग–थलग पड़ गए थे। पॉश इलाकों सहित कई जगहों में लोगों को पेयजल और बिजली की समस्या का सामना करना पड़ा। हर तरफ ऐसा मंजर था, जैसे निजी संपत्ति को बट्टे खाते में डाल दिया गया हो।

इस तरह की दुखद स्थिति दरअसल शहरी नियोजन की कमियों की तरफ ही इशारा करती है। आमतौर पर हमारे शहर नियमित रूप से शहरी नियोजन के प्रमुख तत्वों की उपेक्षा करते हैं। नालियों की बेहतर निकासी क्षमता की कमी और झीलों व नदियों पर ध्यान न देने के साथ शहरी स्थानों को कंकरीट में बदलने पर जोर हर तरफ दिखाई देता है। कुल मिलाकर, भारतीय शहर शहरी नियोजन पर सीमित क्रियान्वयन के संकट से ग्रस्त हैं।

सेंटर फॉर साइंस ऐंड एनवायर्नमेंट के अनुसार, बंगलुरु जैसे शहर ने ईज ऑफ लिविंग इंडेक्स, 2020 में क्वालिटी ऑफ लाइफ मेट्रिक के तहत सौ में से 55.67 स्कोर किया। दिल्ली जैसा महानगर राजधानी होने के बावजूद इंडेक्स में 57.56 तक पहुंचा, जबकि भुवनेश्वर जैसे शहर का स्कोर सिर्फ 11.57 था। आदर्श दुनिया में इस तरह की स्थिति अस्वीकार्य है।

गौरतलब है कि पश्चिम में वर्ष 1898 में सर एबेनेजर हॉवर्ड द्वारा शुरू किए गए गार्डन सिटी आंदोलन ने शहरों के केंद्र में काम के माहौल को विकेंद्रीकृत करने की मांग की थी। उस आंदोलन ने कारखाने के श्रमिकों के लिए स्वस्थ रहने की जगह प्रदान करने पर तार्किक जोर दिया था। नतीजतन, शहरों को योजनाबद्ध तरीके से डिजाइन किया गया, जिसमें आत्मनिर्भर समुदायों के साथ पार्क और निवास, औद्योगिक कार्य और कृषि के लिए अलग–अलग क्षेत्र शामिल थे।

इस तरह के आंदोलन इस विचार से प्रभावित थे कि फैक्टरी में काम करने वाले लोगों का जीवन स्तर बेहतर हो। आदर्श गार्डन सिटी की योजना खासतौर पर खुली जगहों, सार्वजनिक पार्कों और बुलेवार्ड्स (मुख्य पथ) के साथ बनाई गई थी। अमेरिका में गार्डन सिटी पड़ोस की अवधारणा के साथ विकसित हुई, जहां एक स्थानीय स्कूल या सामुदायिक केंद्र के आसपास आवासीय घरों और सड़कों का आयोजन किया गया, जिसमें यातायात का दबाव कम करने और सुरक्षित सड़कों की सुविधा प्रदान करने पर जोर दिया गया।

प्रदूषण और भीड़–भाड़ पर नियंत्रण के साथ–साथ जैव विविधता को बनाए रखने के लिए लंदन में शहर के चारों ओर एक महानगरीय हरित पट्टी है, जो 5,13, 860 हेक्टेयर क्षेत्र को कवर करती है। सवाल यह है कि रिंग रोड और शहरी फैलाव से आगे भारतीय शहरों में ऐसा कुछ क्यों नहीं हो सकता। इस बीच, पेरिस ने इस दिशा में अपनी पहल '15 मिनट सिटी' के तौर पर आगे बढ़ाई है। यह विचार काफी सरल है।

इसके तहत प्रत्येक पेरिसवासी को अपनी खरीदारी, कामकाज, मनोरंजक गतिविधियों के साथ और अपनी सांस्कृतिक जरूरतों को 15 मिनट की पैदल या बाइक की सवारी के भीतर पूरा करने में सक्षम होना चाहिए। इस सक्षमता का मतलब यह होगा कि वाहनों की आवाजाही की संख्या काफी कम हो जाएगी। इस दिशा में अगला कदम कारों और अन्य वाहनों के बजाय पैदल चलने वालों के लिए शहर की योजना तैयार करना होगा।

इसके लिए पैदल यात्रियों के लिए बुनियादी ढांचे, गैर–मोटर चालित परिवहन क्षेत्रों आदि में निवेश के साथ–साथ मिश्रित उपयोग के विकास की तरफ व्यापकता के साथ बढ़ने की आवश्यकता है। यह दृष्टिकोण राजमार्गों को चौड़ा करने के बजाय पैदल चलने वालों के रास्ते को चौड़ा करने के लिए प्रेरित करेगा। सवाल यह है कि बंगलुरु को एक ऐसे शहर के रूप में फिर से डिजाइन क्यों नहीं किया जा सकता, जहां यातायात की परेशानी न हो और वहां का प्रत्येक निवासी नौकरी, सार्वजनिक सेवाओं, किराने का सामान इत्यादि तक आसानी से पहुंचने में सक्षम हो?

क्या भोजन के लिए 10 मिनट की डिलीवरी के बजाय काम करने के लिए 10 मिनट की पैदल दूरी बेहतर नहीं होगी? प्रत्येक भारतीय शहर में आदर्श रूप से एक मास्टर प्लान–यानी एक रणनीतिक शहरी नियोजन दस्तावेज होना चाहिए, जिसे एक–दो दशक के अंतराल पर नियमित रूप से अद्यतन (अप–टू–डेट) किया जाए। इस तरह की योजनाओं में गरीबी के कारण होने वाले विस्थापन पर ध्यान देने के साथ–साथ किफायती आवास पर ध्यान देना भी जरूरी है।

भूमि अधिग्रहण में मुद्रास्फीति की भी गणना के साथ इस तरह की योजनाओं और जमीनी नगरपालिका बजट (और फंड रिलीज) के बीच चल रहे विरोधाभास को भी दूर किया जाए। देश में शहरी भूमि के इस्तेमाल को बेहतर करने की जरूरत है। किसी भी मैपिंग प्लेटफॉर्म पर सैटेलाइट मैप इमेजरी को देखकर यह साफ लगता है कि रैखिक बुनियादी ढांचे के साथ धान के खेतों में पसरता जा रहा देश का शहरी विकास अनौपचारिक, अनियोजित और विशाल पड़ोस के साथ खासा बेतरतीब है।

इस बीच, उन जगहों पर, जहां औपचारिक रूप से मान्यता प्राप्त शहर और शहरी पड़ोस हैं, पुरानी योजना के कारण भूमि उपयोग को लेकर निर्णय खासा असंतोषजनक है। मुंबई के मामले पर विचार करें, जहां लगभग 1द4 सार्वजनिक स्थान है, जबकि आधी से अधिक भूमि केवल इमारतों के चारों ओर कम उपयोग की जगह है, जो दीवारों से घिरी हुई और सार्वजनिक पहुंच से दूर है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी लखनऊ द्वारा दृष्टिबाधित बालिकाओं को किया गया हाइजीनिक किट वितरण

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी लखनऊ के द्वारा स्पर्श राज्य की दृष्टि बाधित विद्यालय मोहान रोड निकट शकुंतला मिश्रा विश्वविद्यालय 100 दृष्टिबाधित बालिकाओं को हाइजीनिक किट इंडियन रेडक्रास सोसाइटी, लखनऊ शाखा द्वारा दी गई तथा इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी के सदस्यों का बालिकाओं द्वारा स्वागत सम्मान गीत गाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रमोद कुमार पांडे बोर्ड ऑफ रिन्यूएबल मे कार्यत पीसीएस अधकारी के द्वारा किया गया किया। तथा उनकी पत्नी सुधा पांडे के द्वारा बच्चों को भोजन कराया गया। इस अवसर पर इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के सदस्य ऋतुराज रस्तोगी कार्तिका माथुर कार्यालय सचिव शिवाकांत मिश्रा ने हाइजीनिक



किट का वितरण किया बालिकाओं का चयन स्पर्श राजकीय दृष्टिबाधित विद्यालय के प्रधानाचार्य संतोष गुप्ता सुधा पांडे रजनीश और दया गुप्ता द्वारा किया गया था। कार्यक्रम के संपन्न होने के उपरांत प्रधानाचार्य संतोष कुमार गुप्ता के द्वारा इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी के सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया।

## सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान समाज के लिए अच्छा कार्य कर रहा –मुकेश कुमार

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान द्वारा संचालित तथा समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रायोजित वृद्धाश्रम, अल्लीपुर, हरदोई में सामाजिक कार्यकर्ता शिवानी मिश्रा, मुकेश कुमार, सुप्रिया गुप्ता, शिवानी गुप्ता प्रियंका यादव,सुमन पाल ने पहुंचकर वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों को दैनिक उपयोग की वस्तुएं नहाने का साबुन, कपड़ा धोने का साबुन,तेल, मंजन इत्यादि वितरित किया। इस अवसर पर सुश्री शिवानी मिश्रा ने कहा कि इस आश्रम में आकर परिवारिक वातावरण देखकर मन प्रफुल्लित है । मुकेश कुमार ने कहा कि हरदोई जनपद मे जैसा कि हमने सुना था कि डॉ.सुशील चन्द्र त्रिवेदी''मधुपेश'' जी द्वारा स्थापित सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान समाज के लिए अच्छा कार्य कर रहा है ।आज आश्रम की उच्च स्तरीय व्यवस्था देखकर लगा कि यहॉ जितना सुना था उससे अधिक अच्छी व्यवस्था है । सुश्री सुप्रिया ने कहा आश्रम के नैतिक,निर्भय, पूजा,सीता, रामकान्ती आदि सभी कार्यकर्ताओ



का समर्पण युक्त व्यवहार प्रसन्नीय है ऐसा लगता है जैसे सभी अपने परिवार के बुजुर्ग की सेवा मे मनोयोग से संलग्न हो । वृद्धाश्रम प्रबन्धक पारूल गुप्ता ने सभी आगन्तुको आभार व्यक्त किया । साथ अपील की यदि समाज के लोग इस तरह अपने जन्म दिवस, विवाह वर्षगांठ आदि पर वृद्धाश्रम मे आकर मनाते है तो आश्रम मे रहने वाले बाबा और दादी को खुशी के कुछ पल देकर अपने जीवन को सकारात्मक कर सकते है।

## विभाजन की विभीषिका आज भी नहीं भूला सिख समाज –सरदार सुदीप पाल सिंह

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : हिंदुत्व की रक्षा में सिख समाज का बलिदान हमेशा याद रहेगा ।यह बातें भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा ने पार्टी के सेवा पखवारा के अंतर्गत आयोजित विविधता में एकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही ।पार्टी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष सरदार जगजीत सिंह के लालडिग्गी स्थित कैंप कार्यालय पर सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा ने आगे कहा सिख समाज हमेशा बलिदानी रहा है और इस समाज ने ना तो कभी सिर झुकाया और ना ही कभी हिंदू समाज का सिर झुकने दिया। उन्होंने कहा यह सोचकर हम गौरवान्वित महसूस करते हैं ।हम सबको मिलकर प्रधानमंत्री के एक भारत श्रेष्ठ भारत की सपने को साकार करना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गुरुद्वारा कमेटी के सचिव सरदार सुदीप पाल सिंह ने विभाजन की विभीषिका का स्मरण कराते हुए कहा जिस तरह हिंदू समाज ने सिखों की रक्षा कर अपनेपन का एहसास दिलाया भूलता नहीं है। उन्होंने कहा भाजपा सरकार ने सिख समाज की जिस तरह चिंता की है, पूर्व की सरकारों ने कभी भी नहीं की थी ।दिनभर चले कार्यक्रम के दौरान सिख बंधुओं ने भाजपा नेताओं को पगड़ी बांधी और सभी ने मिलकर पंजाबी भोजन का लुफ्त उठाया ।कार्यक्रम के आयोजक निवर्तमान भाजपा



जिलाध्यक्ष सरदार जगजीत सिंह छंगू ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम के प्रभारी जिला उपाध्यक्ष सुनील वर्मा थे ।कार्यक्रम का संचालन जिला सह प्रवक्ता व कार्यक्रम के संयोजक अशोक सिंह ने किया ।पार्टी प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने बताया विविधता में एकता कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ एमपी सिंह, भूमि विकास बैंक के डायरेक्टर गिरीश नारायण सिंह, सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक रामचंद्र मिश्रा,पूर्व महामंत्री कृपाशंकर मिश्रा, शशिकांत पांडे, महामंत्री घनश्याम चौहान,अखिलेश जयसवाल,अरुण द्विवेदी, सरदार सतनाम सिंह, सरदार महेंद्र पाल सिंह, सरदार तेजिंदर सिंह,सरदार रणजीत सिंह संत, सरदार आत्मजीत सिंह टीटू, सरदार तेजपाल सिंह,सरदार हरमीत सिंह, सरदार नरेन्द्र सिंह, सरदार हरविन्दर सिंह, विनोद कुमार पांडे, अंकित अग्रहरि आदि मौजूद रहे।

## आगामी नवरात्रि एवं दशहरा पर्व को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य सचल दल का किया गया गठन : मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी

जौनपुर सू.वि. : सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय/अभिहित अधिकारी, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने अवगत कराया है कि आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ0प्र0, लखनऊ के अनुपालन के क्रम में आगामी नवरात्रि एवं दशहरा पर्व को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य एवं पेय पदार्थों विशेष रूप से सिंघाड़े का आटा, कुटटू का आटा व अन्य फलाहार की गुणवत्ता सुनिश्चित कराये जाने व हानिकारक रसायनों से कृत्रिम रूप में पकाये गये केला के भण्डारण/विक्रय को प्रतिबन्धित करने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 तथा तत्निर्मित नियमावलियों के अन्तर्गत प्रवर्तन कार्यवाही किये जाने हेतु खाद्य सचल दल का गठन करते हुए मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, जौनपुर के नेतृत्व में 26 सितम्बर 2022 से 03 अक्टूबर 2022 तक जनपद में विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है । इसी क्रम में 27 सितम्बर 2022 को खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जनपद के अलग–अलग स्थानों पर कार्यवाही की गयी। सहायक आयुक्त (खाद्य)/अभिहित अधिकारी, जौनपुर, देवाशीष उपाध्याय के निर्देशन में एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री अनिल कुमार राय के नेतृत्व में खाद्य सचल दल में सम्मिलित खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण डा0 तूलिका शर्मा, सुधीर राय, रघुनाथ प्रसाद पटेल, देवेश, बिपिन कुमार गिरि, सूर्यमणि, संतोष कुमार दूबे, अमरदेव सिंह कुशवाहा एवं राजेन्द्र कुमार द्वारा खाद्य पदार्थ साबूदाना के 04 नमूना, खाद्य पदार्थ सिंहाड़ा के आटा का 02 नमूना तथा खाद्य पदार्थ पान मसाले का 01 नमूना तथा खाद्य पदार्थ पेड़ा का 01 नमूना नियमानुसार संग्रहीत किया गया । इस आज 27 सितम्बर 2022 को खाद्य सचल दल द्वारा जनपद के विभिन्न स्थानों से विभिन्न खाद्य पदार्थों के कुल 08 नमूने जनहित में नियमानुसार संग्रहीत करके जांच हेतु खाद्य विश्लेषक को प्रेषित किया गया । समस्त खाद्य कारोबारकर्ताओं से अपील किया जाता है कि जनहित में अपने–अपने प्रतिष्ठान में स्वच्छ, सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थों का निर्माण/क्रय/ विक्रय/भण्डारण करना सुनिश्चित करें।

## श्रमिक अधिकार विषयक विधिक जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई के तत्वाधान में सचिव/तहसीलदार नरेन्द्र कुमार यादव के निर्देश पर ग्राम नगला भगवान में श्रमिक अधिकार विषय पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। लीगल एड क्लीनिक से मोहम्मद शाजेब सिद्दीकी ने इस दौरान शिविर में उपस्थित मजदूरों को श्रम एवं श्रमिकों से संबंधित विभिन्ना योजनाओं एवं विधियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मजदूर अपने अधिकारों के लिए सजग रहे और होने वाले शोषण का विरोध करें। मुख्य रूप से कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, कर्मकार अधिनियम, बालश्रम प्रतिषेध अधिनियम तथा असंगठित कर्मचारी सामाजिक सुरक्षा अधिनियम आदि के बारे में जानकारी दी। कपिल जी गुप्ता ने मजदूरों की विभिन्ना समस्याओं को समझा तथा महिला श्रमिकों की समस्या, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की समस्या तथा इन क्षेत्रों के श्रमिकों के कल्याण के लिए भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्ना कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने जिला विधिक सेवा अधिकारी हरदोई द्वारा दी जाने वाली निश्शुल्क एवं सक्षम विधिक सहायता से श्रमिकों को अवगत कराया तथा उन लोगों से अपील की कि किसी भी व्यक्ति की कोई विधिक समस्या होने पर वह जिला





विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर उसका समाधान कर सकता है। इसी श्रंखला में पी एल वी लालता प्रसाद ने श्रमिकों के पंजीकरण पर जोर देते हुए कहा कि पंजीकरण के बाद ही सरकारी की विभिन्ना योजनाओं का लाभ मिल पाएगा। आगे कहा कि मजदूर अपने अधिकारों को समझें और अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करें। लीगल एड क्लीनिक सर्वेश कुमार जिला विधिक सेवा प्राधिकार हरदोई के पी एल वी सूरज अग्निहोत्री, दीपेन्द्र त्रिपाठी, सुशील कुमार एवं आसपास की फैक्ट्रियों के श्रमिक मौजूद थे।

## परशुराम लक्ष्मण संवाद का हुआ मंचन –ओम देव

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : ब्राह्मण बाहुल्य मोहल्ला पठकाना के रामलीला मेले में डंके की चोट पर अपने युग के 2 विश्व विख्यात एवं बहुत कुख्यात ब्राह्मणों को कुछ इस तरह लज्जित होना पड़ा कि बेचारे आखिर अपना सा मुँह लेकर रह गए। यही सही है कि ऐतिहासिक रामलीला में बीती रात त्रैलोक्य विजेता रावण और प्रलयंकारी परशुराम को भरी सभा में लज्जित होना पड़ा। हालांकि महर्षि परशुराम को भले कोई समझाने बाला नहीं था किन्तु रावण को उसकी पटरानी मंदोदरी ने उसे उसी समय बहुविधि बहुत समझाया जब वह धनुष यज्ञ के आयोजन के लिए लंका से चलने के लिए तैयार हुआ। जिसका उल्लेख रामचरित मानस में इस प्रकार मिलता है कि मंदोदरि वहुविधि समुझाई। अभिमानी रावण न सोहाई।। अर्थात अहंकार से ओतप्रोत रावण अपनी पटरानी की बात को नहीं माना और आखिर धनुष यज्ञ लीला में आकर अपमान के घूंट पीकर उल्टे पैरों लौट गया। यहां रामलीला मेला पठकाना में वृंदावन की पार्टी द्वारा धनुष यज्ञ, रावण बाणासुर संवाद व परशुराम लक्ष्मण संवाद की लीला का सुंदर मनमोहक मंचन हुआ। जिसे देख दर्शक भावविभोर हो गए। राजा जनक ने अपनी पुत्री सीता के विवाह हेतु स्वयंवर रचा जिसमें पृथ्वी लोक के बड़े बड़े दिग्गज डरावने लगभग 10 हजार राजा महाराजा न्योते में आए और देखते ही देखते आयोजक राजा जनक की घोषणा पर बड़े बड़े वीर बाणासुर रावण आदि अपनी राजा अपनी अपनी बाहें फड़काने लगे और अपनी अपनी मूंछों पर बड़ी बेसब्री से ताव देने लगे। उन्हें देखकर ऐसा परिलक्षित हो रहा था। जैसे उनके सामने स्वयंवर में रखा शिव धनुष क्या चीज है। जब वह पेड़ उखाड़ कर आसमान में घुमाकर फेंक देने बाले और पहाड़ को पकड़कर मुट्ठी में मसल देने बाले विश्व विख्यात या फिर विश्वविजेता योद्धा हैं। सभा मध्य उपस्थित एक से बड़े एक दिग्गज राजा महाराजा बार बार ईर्ष्या द्वेषबश लंका के राजा रावण को देखकर भयाक्रांत हो रहे थे। सभा मध्य उपस्थित राजा महाराजा ध





नुष उठाने के लिए बढ़े लेकिन कोई भी राजा महाराजा धनुष तक पहुंच पाता कि उससे पहले रावण ने उन सबको डपट दिया। और स्वयं अहंकार से आल्हादित होकर वह धनुष उठाने के लिए आगे बढ़ गया। काफी जोर आजमाइश के बाद भी जब वह धनुष को हिला तक नहीं सका तो भरी सभा में लज्जित होकर लौट गया। उसके जाने के बाद सभी उपस्थित राजाओं महाराजाओं ने बारी–बारी से अपने–अपने बाजुओं की जोर आजमाइश की किन्तु विफल रहे। यद्यपि अयोध्याा के राजकुमार दशरथ नंदन राम सहित लक्ष्मण यथास्थान मुनि विश्वामित्र के साथ शान्त चित्त आसीन थे। अंततः राम ने मुनि विश्वामित्र की आज्ञा पाकर शिव धनुष को प्रणाम किया और उसे उठा कर जैसे ही प्रत्यंचा चढ़ाई की धनुष टूट गया। शिव धनुष के टूटते ही महान शिव भक्त विश्व विख्यात परशुराम बड़े वेग से मौके पर धर धमके, धरती हिलने लगी और आसमान कांपने लगा। राजा गण थरथराने एवं खिसकने लगे। तभी टूटे हुए धनुष को देखते ही परशुराम अत्याधिक क्रोधातुर हुए। मौके पर अत्यंत तीक्ष्ण परशुराम लक्ष्मण संवाद हुआ किन्तु राम की वाकपटुता के कारण जहाँ भगवान परशुराम शान्त चित्त हो गए वहीं सीता विवाहोत्सव सकुशल सम्पन्न हुआ ।रामलीला में काफी सक्रिय भूमिका निभाने के लिए मेला अध्यक्ष संजय मिश्रा, महामंत्री मधुप मिश्रा, मन्त्री ऋषि मिश्रा, आशीष मोहन तिवारी राजू, और पुष्पेन्द्र मिश्रा सहित समिति एवं अन्य सहयोगी रामभक्तों की रह रह कर सराहना हो रही है। उपरोक्त जानकारी मेला मीडिया प्रभारी ओमदेव दीक्षित द्वारा प्राप्त हुई है।

## जनपद वाराणसी में 03 अक्टूबर 2022 को रोजगार मेला का होगा आयोजन

जौनपुर सू.वि. : शासन/विभाग के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्र के अभ्यर्थियों को अधिक से अधिक संख्या में सेवायोजित कराने के उद्देश्य से वृहद मण्डलीय रोजगार मेला का आयोजन क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय वाराणसी, के तत्वाधान में 03 अक्टूबर 2022 को प्रातः 10:00 बजे से महादेव पी0जी0 कालेज, बरियासनपुर निकट विकास खण्ड–चिरईगॉव, जनपद–वाराणसी में किया जा रहा है, जिसका उद्घाटन एवं ऑफर लेटर वितरण मा0 श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर जी के द्वारा किया जायेंगा। जिसमें 60 विभिन्न क्षेत्रों के निजी नियोजकों द्वारा प्रतिभाग किया जायेंगा। मण्डलीय वृहद रोजगार मेला में एन0आई0आई0टी0 आई0सी0आई0सी0आई0 गुडगॉव हरियाणा, कार्पोरेट सिक्योरिटी एवं एंटीजीलेंस सर्विसेज,वाराणसी, सुरती हर्ब्स मेनपावर सप्लाई, लखीमपुर स्वीगी वाराणसी, उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक, वाराणसी, गीगा कार्पसोल अहमदाबाद गुजरात, एसीस फेडरल, वाराणसी इनसोर्स, वाराणसी सार्थक एजुकेशनल ट्रस्ट, वाराणसी, टाटा मोटर इम्पलायी मैनपावर सर्विसेज, मल्टीफ्लायर मुद्रा लखनऊ, आई0सी0आई0 बैंक, लखनऊ, चौनल प्ले लखनऊ, डाबर आयुर्वेदिक, इण्टरप्राईजेज, ग्लोरियस नेटकॉम ग्रुप ऑफ कम्पनी, वाराणसी, इरा स्टार्टअप प्रा0लि0 वाराणसी, ब्लूडार्ट डी0एच0एल0, वाराणसी सहित कुल 60 कम्पनियॉ प्रतिभाग करेंगी। उक्त मेला में 18–40 वर्ष उम्र के आठवीं/ हाईस्कूल/ इण्टर/ स्नातक/ परास्नातक/ पी0एच0डी0/ बी0बी0ए0/ एम0बी0ए0/ बी0सी0ए0/ एम0सी0ए0/ आई0टी0आई0/ डिप्लोमा योग्यताधारी अभ्यर्थी 03 अक्टूबर 2022 को प्रातः 10:00 बजे से पंजीयन कराते हुए रोजगार मेले में भाग ले सकते है।

# हमारे राष्ट्र ने हमेशा एक विश्व गुरु की भूमिका निभाई है –विद्यासागर सोनकर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : हमारे राष्ट्र की ज्वलंत संस्कृतिया और परंपराएं हमारी सामूहिक विरासत हैं। वसुधैव कुटुंबकम की हमारी संस्कृति है। सारा संसार एक परिवार है, हमारे राष्ट्र ने हमेशा एक विश्व गुरु की भूमिका निभाई है। हमारे राष्ट्र की ताकत हमारी विविधता में एकता में निहित है। उक्त बातें मुख्य अतिथि एमएलसी विद्यासागर सोनकर ने सोमवार को जी जी आई सी इण्टर कॉलेज में विविधता में एकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि मुझे इस तथ्य पर गर्व है कि जौनपुर जातीय और सास्कृतिक रूप से भारत के सबसे विविध क्षेत्रों में से एक हैं। यहां हिंदी भाषी सहित देश के कोने–कोने से लोग आकर बसे है। और लोग सामंजस्य में रहकर एक अद्वितीय समग्र संस्कृति का निर्माण किया है। यहा एक तरफ ठेठ भाषा की आवाजें हम सभी को रोमाचित करती हैं, तो दूसरी तरफ भोजपुरी नृत्य और गीत की मधुर मधुर आवाजे हमें और हमारे जिलावासियों को ताजगी से भर देती हैं। मुझे इस तथ्य पर गर्व है कि, हमारा क्षेत्र अनेकता में एकता का बहुत ही आदर्श है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति प्रहलाद सिंह पटेल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में पहली बार दाद्दजलिंग को राष्ट्रीय स्तर के सास्कृतिक कार्यक्रम की मेजबानी करने का अवसर मिल रहा है। राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने कहा कि ऐसे राष्ट्रीय कार्यक्रम में हमारे स्थानीय संगीतकारों, गायकों, नर्तकियों और अन्य कलाकारों को अपनी प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करने का अवसर देता है। हमारी भाषा, संस्कृति, साहित्य और परंपराएं हमारे अस्तित्व की आत्मा हैं। इस तरह के कार्यक्रम हमारे लोगों, विशेष रूप से हमारे युवाओं को हमारी समृद्ध सास्कृतिक विरासत और पारंपरिक जड़ों से जुड़ने का मौका देते हैं। हमारा कर्तव्य है कि हम उनका संरक्षण करें और उन्हें आगे भी प्रचारित करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने कहा कि भारत एक विविधतापूर्ण देश है इसके विभिन्न भागों में भौगोलिक अवस्थाओं, निवासियों और उनकी संस्कृतियों में काफी अन्तर है । कुछ प्रदेश अफ्रीकी रेगिस्तानों जैसे तप्त और शुष्क हैं, तो कुछ ध्रुव प्रदेश की भांति ठण्डे है कहीं वर्षा का अतिरेक है, तो कहीं उसका नितान्त अभाव है, तमिलनाडु, पंजाब और असम के निवासियों को एक साथ देखकर कोई उन्हें एक नस्ल या एक संस्कृति का अंग नहीं मान सकता देश के निवासियों के अलग–अलग धर्म, विविधतापूर्ण भोजन और वस्त्र उतने ही भिन्न हैं, जितनी उनकी भाषाएं या बोलियां । इसके पहले स्कूल की बालिकाएं सीमा द्विवेदी को कुमकुम लगाकर स्वागत की और उसके उपरान्त सीमा द्विवेदी ने बच्चियों के परिचय लिया। उक्त अवसर पर गरिमामई उपस्थिति जिला महामंत्री सुशील मिश्रा,अमित श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंघानियां, संदीप पाण्डेय एवं विद्यालय की अध्यापक एवं बच्चियां की रही।

## जौनपुर में दिखी विभिन्न प्रदेशों की झलक

जौनपुर सू.वि. : माननीय प्रधानमंत्री जी के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित सेवा पखवाड़ा के उपलक्ष्य में आज राजकीय बालिका इन्टर कालेज सभागार में विविधता में एकता कार्यक्रम के अन्तर्गत एक भारत श्रेष्ठ भारत का संदेश समाज को देने के लिए कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद विधासागर सोनकर व अध्यक्षता सांसद राज्य सभा सीमा द्विवेदी रही, जिन्होंने सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राज कालेज की छात्राओं ने सरस्वती वंदना व जीजीआईसी इ. का. की छात्राओं ने गणेश वंदना प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य जीजीआईसी मंजुलता वर्मा, खण्ड शिक्षा अधिकारी नगर उदयभान कुशवाहा, शाहगंज अमरदीप जायसवाल, करंजाकला श्रवण कुमार यादव व प्रभारी सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक ने बुके प्रदान कर माल्यार्पण कर अतिथियों का स्वागत किया। राजकीय बालिका इन्टर कालेज व राज कालेज की छात्राओं ने विभिन्न प्रदेशों के वेशभूषा में उस प्रदेश के गीत प्रस्तुत किया तथा पूर्व माध्यमिक विद्यालय गुरैनी, प्राथमिक विद्यालय पुलिस लाइन, मीरपुर, के छात्राओं ने देशभक्ति व एकता पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का आकर्षण जीजीआईसी की छात्राओं द्वारा गुजराती, राजस्थानी, कश्मीरी, पंजाबी, उत्तर प्रदेश, केरला, आसामी बंगाली, तमिलनाडु आदि प्रदेशों के परिधान पहनकर वहां की संस्कृति को दर्शाने का भाव ही विविधता में एकता को सार्थक कर उपस्थित लोगों को प्रेरित कर रहा था। उत्सव के माहौल ने जौनपुर को विभिन्न प्रदेशों के रंग में रंग दिया। कार्यक्रम में कई प्रदेशों के परिधानों की छटा बिखर रही थी । इस अवसर पर सदस्य विधान परिषद विधासागर सोनकर ने कहा कि विविधता में एकता की भावना ही 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' का प्रतिबिंब है। हमारे देश में अलग–अलग धर्म, जाति, सम्प्रदाय के लोग वसुधैव कुटुंबकम की भावना के साथ मिलकर रहते हैं। सबके रीति–रिवाज, परिधान, व्यंजन और मान्यताएं अलग–अलग होते हुए भी सभी एक–दूसरे की परंपराओं का सम्मान भी करते हैं और त्योहारों को श्रद्धापूर्वक मनाते भी हैं और यही भारतवर्ष की असल खूबसूरती है। सांसद राज्य सभा सीमा द्विवेदी ने कहा कि ईश्वर एक है और हम सब उनकी संतानें हैं। आज का यह कार्यक्रम हमारी समृद्ध भारतीय संस्कृति और संस्कारों की मूल भावना को पुष्ट कर रहा है। हम सभी की मान्यताएं और परंपराएं भले ही एक दूसरे से अलग हो पर दिल सभी का हिंदुस्तानी है। देश की विशेषता विविधता में एकता मानी जाती है, जोकि राष्ट्र प्रेम और राष्ट्र सर्वोपरि का संदेश देता है। संचालन सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने किया, इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष पुष्प राज सिंह, जिला महामंत्री सुशील मिश्रा, अमित श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंघानिया, जिला संयोजक एन.जी.ओ. प्रकोष्ठ संदीप पाण्डेय, प्रधानाचार्य डा0 सुबाष सिंह, डा0 राकेश कुमार सिंह, राजू सिंह, आदर्श वर्मा, संजय चौबे आदि सहित विभिन्न कालेज के छात्र छात्राएं शिक्षक एस.आर.जी आदि उपस्थित रहे।

# जनपद के विभिन्न थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए कुल 08 वांछित व वारन्टी अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनपद की कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने एवं अपराध/अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर, श्री अजय साहनी के निर्देशन में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान चलाया गया, जिसके अन्तर्गत जनपद के थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए कुल 08 वांछित व 08 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जिसका थानावार विवरण निम्न हैः–

1. थाना खुटहन पुलिस टीम द्वारा हत्या के मुकदमें में वांछित अभियुक्त सभाजीत विश्वकर्मा पुत्र राधेश्याम विश्वकर्मा निवासी ग्राम दुगौली खुर्द थाना बदलापुर जनपद जौनपुर सम्बन्धित मु0अ0सं0–231/22 धारा 302/201 भादवि को आज सुबह घनश्यामपुर बाजार से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक कार्यवाही उपरान्त जेल भेजा जा रहा है।

2. थाना सरायख्वाजा पुलिस टीम द्वारा अपहरण व बलात्कार/पाक्सो एक्ट के मुकदमें वांछित अभियुक्त विशाल पुत्र शिवशंकर उर्फ एमएलए निवासी फरीदाबाद डाल्हनपुर थाना सरायख्वाजा जौनपुर सम्बन्धित मु0अ0सं0 मु0अ0स0 325/2021 धारा 363/366/376 भादवि व ¾ पास्को एक्ट को को आज सुबह फरीदाबाद मोड से गिरफ्तार किया गया। आवश्यक कार्यवाही उपरान्त अभियुक्त को जेल भेजा जा रहा है।

3. थाना सिकरारा पुलिस टीम द्वारा गो तस्करी के दो वांछित अभियुक्त 1– बफाती पुत्र स्व0 अब्दुल रशीद निवासी ग्राम हरिबल्लमपुर थाना बक्शा जनपद जौनपुर 2– जानू नट पुत्र उसमान नट निवासी ग्राम कंधरपुर थाना लाइनबाजार जनपद जौनपुर सम्बन्धित मु0अ0सं0– 201/2021 धारा 3/5ए/8 गो0नि0अ0, व धारा 11 पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम को आज सुबह सिहीपुर रेलवे क्रासिंग के पास गिरफ्तार किया गया।

4. थाना सुजानगंज पुलिस द्वारा तीन वांछित अभियुक्त 1. धर्मेन्द्र पुत्र हरिश्चन्द्र 2.ओम प्रकाश पुत्र रघुनाथ यादव 3. हनीश पुत्र देवी प्रसाद यादव समस्त निवासीगण ग्राम भगवानपुर (फत्तूपुर ) थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर सम्बन्धित मु0अ0सं0 203/2022 धारा 323/336/308 भादवि0 को बराई मोड़ से आज सुबह गिरफ्तार किया गया ।

5. थाना चन्दवक पुलिस टीम द्वारा पाक्सो एक्ट का वांछित अभियुक्त श्रवण कुमार पुत्र फिरतू राम निवासी काशीदासपुर थाना चन्दवक जनपद जौनपुर सम्बन्धित मु0अ0सं0 276/21 धारा 376 भा0द0वि0 व 4/6 पाक्सो अधिनियम को आज शाम उसके घर से गिरफ्तार किया गया।

6. थाना बदलापुर पुलिस टीम द्वारा दो वारंटी अभियुक्त 1.पथरू पुत्र कल्लन 2.सन्तलाल पुत्र रिजई निवासीगण ग्राम कठार थाना बदलापुर जौनपुर संबंधित मु0अ0सं0 627/22 धारा 323,504 भा0द0वि0 को आज गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष प्रेषित किया जा रहा है।

7. थाना खुटहन पुलिस टीम द्वारा 03 नफर वारण्टी अभियुक्त 1. रंजीत यादव पुत्र बद्री निवासी रामापुर थाना खुटहन जौनपुर, 2. फागू पुत्र नन्कऊ निवासी आदिनाथ पुर थाना खुटहन जनपद जौनपुर, 3.समीउल्लाह पुत्र रमजान निवासी धमौर थाना खुटहन जनपद जौनपुर को गिरफ्तार किया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय जौनपुर भेजा जा रहा है।

8. थाना कोवाली पुलिस टीम द्वारा एक वारंटी अभियुक्त शमशीर पुत्र एजाज हुसैन निवासी कटघरा थाना कोतवाली जौनपुर को वारंन्ट मुकदमा नम्बर 1833/19 धारा 498ए/504/506 भादवि व ¾ डी0पी0 एक्ट थाना कोतवाली जौनपुर को गिरफ्तार कर सम्बन्धित न्यायालय भेजा गया।

9. थाना मड़ियाहूँ पुलिस टीम द्वारा दो वारंटी अभियुक्त 1. सुभाषचन्द यादव 2. अनिल यादव कुमार पुत्रगण गजराज यादव निवासीगण ग्राम सपही थाना मडियाहूँ, जौनपुर सम्बन्धित मु.नं. 300/17 स्टेट बनाम सुनील अन्तर्गत धारा 498ए/323/504/506 भा.द.वि. व 3/4 डी.पी. एक्ट थाना मडियाहूँ, जौनपुर को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही उपरान्त सम्बन्धित न्यायलाय भेजा गया।

## जिला न्यायाधीश वाणी रंजन अग्रवाल एवं जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला न्यायाधीश वाणी रंजन अग्रवाल एवं जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया गया।इस बारे में जानकारी देते हुए जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि जनपद न्यायाधीश पुलिस अधीक्षक के साथ जिला जेल का निरीक्षण किया गया है ।निरीक्षण के दौरान बैरकों की सघन तलाशी ली गयी, जिसमें कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला। अधिकारियों के द्वारा महिला बैरक में जाकर महिला बंदियों से वार्ता कर उनके स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 लक्ष्मी सिंह को निर्देशित किया कि नियमित रूप से उनकी जांच कराई जाए। पाकशाला में जाकर खाने के गुणवत्ता की जांच की गई जिसमें पाया कि खाना मीनू के अनुसार अच्छी गुणवत्ता का दिया जा रहा



है।जेल चिकित्सालय में बीमार कैदियों से वार्ता कर उनके स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली। जेल अधीक्षक एसके पांडेय को निर्देशित किया कि जिला कारागार में साफ–सफाई की व्यवस्था चुस्त–दुरुस्त रहे।

## जांच में सरकारी राशन की दुकान पर मिली घटतौली

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) विकास खण्ड सोहावल के मीरपुर कांटा में संचालित सरकारी राशन की दुकान पर जांच में घटतौली पाई गई। जांच के बाद शिकायत कर्ता ने कोटेदार के विरुद्ध कार्यवाही की मांग एसडीएम से की गई है। आरोप है कि ग्राम मीरपुर कांटा में संचालित सरकारी गल्ले की दुकान पर बंटने वाले राशन तौल में घटतौली की शिकायत गांव निवासी राना प्रताप सिंह पुत्र लल्लन सिंह ने तहसील समाधान दिवस और मुख्यमंत्री के पोर्टल पर किया था। आरोप है कि कोटेदार पुष्पराज सिंह तौल मशीन में गड़बड़ी कर घटतौली करता है। इसके बाद वरिष्ठ निरीक्षक विधिक माप विज्ञान (बांट एवं नाप) संतोष कुमारी ने मौके पर पहुंचकर सरकारी राशन की दुकान से तौल मशीन की जांच किया। तो वास्तविक वजन एवं प्रदशित वजन में अंतर पाया गया। पूंछे जाने पर बांट एवं माप निरीक्षक संतोष कुमारी ने बताया कि कोटेदार के यहां तौल मशीन में वास्तविक वजन रखकर जांच की गई। तो तौल मशीन पांच किलोग्राम की जगह साढ़े पांच किलो वजन दर्शा रही थी और रखे गए वजन एवं प्रदर्शित वजन में अंतर पाया गया। जबकि एसडीएम सोहावल ने बताया कि कोटेदार के विरुद्ध मिली शिकायत पर जांच और कारवाई के लिए पूर्ति निरीक्षक को निर्देशित किया गया है।

# जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क दुर्घटनओं में कमी लाये जाने के प्रयासों के क्रम में अध्यक्ष सड़क सुरक्षा समिति/जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सड़क सुरक्षा समिति के सभी सदस्यों ने प्रतिभाग किया। उक्त बैठक में सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित एजेण्डा बिन्दुओं की गहनतापूर्वक चर्चा हुई और जिलाधिकारी द्वारा सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित पूर्व की बैठक में दिये गये निर्देशों की समीक्षा की गयी। उक्त के साथ ए0आर0टी0ओ0 प्रशासन द्वारा जौनपुर से आजमगढ रोड, जौनपुर से सुल्तानपुर रोड, जौनपुर से मछलीशहर रोड एवं जौनपुर से वाराणसी रोड पर सड़क दुर्घटना सम्भावित स्थानों की निरीक्षण पत्रावली जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की गयी, जिलाधिकारी द्वारा पत्रावली के निरीक्षणोपरान्त उक्त समस्त मार्गो से सम्बन्धित विभाग को सड़क ठीक करने, लिंक मार्गो पर गति अवरोधक लगाने, जगह–जगह साइनेज लगाने एवं सडक के मध्य कट वाले स्थानों पर चमकीले रेफलेक्टर लगाने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही अधि0अभियंता पी0डब्लू0डी0 को ब्लैक स्पॉट पर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। जनपद के शहरी क्षेत्रों से गुजरने वाले सड़कों के किनारे पेडों पर भी रेफलेक्टर लगाने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा शास्त्री पुल की मरम्मत हेतु भी निर्देशित किया गया। उक्त के साथ सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित सभी अधिकारियों को अपनी–अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त बैठक में मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, सिटी मजिस्ट्रेट आयुष चतुर्वेदी, सी0ओ0 सदर एस0डी0 उपाध्याय, ए0आर0टी0ओ0 (प्रशासन) एस0पी0 सिंह, टी0आई0 जे0डी0 शुक्ला, सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) अशोक कुमार श्रीवास्तव एवं सदस्य सड़क सुरक्षा समिति के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

## साइकिल चलाकर शिक्षकों ने लिया परिसर को हरा–भरा बनाने का संकल्प : ट्रस्ट ने भेंट की ट्राइसिकल और साइकिल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर को हरा भरा बनाने की मुहिम पहले से चल रही है। इसके तहत परिसर में विभिन्न संस्थाओं ने एक ट्राइसिकल और सात साइकिल भेंट की है, ताकि परिसर में घूमने के लिए साइकिल का उपयोग किया जा सके। मंगलवार को इसका शुभारंभ विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. मौर्य ने कहा कि परिसर में ज्यादा से ज्यादा साइकिल का उपयोग होगा तो परिसर प्रदूषणमुक्त होगा। इससे विश्वविद्यालय परिवार के लोग का जहां स्वास्थ्य अच्छा होगा वहीं परिसर हरियाली से खिलाखिला उठेगी। उन्होंने शिक्षकों और कर्मचारियों से अपील की है कि वह परिसर को हरा–भरा बनाने का संकल्प लें। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी और कर्मचारियों ने साइकिल चलाकर इस अभियान की शुरुआत की। यह साइकिल गेट पर गार्ड के पास रहेगी। इसका उपयोग कोई भी अपना



परिचय पत्र जमाकर कर सकता है। ट्राइसिकल को सीवीके चैरिटेबल ट्रस्ट तेलियाबाग वाराणसी और साइकिल को क्षमा ट्रस्ट, रोवर्स रेंजर, समता फाउंडेशन, प्रियदर्शनी अशोक चौरिटेबिल ट्रस्ट जौनपुर ने विश्वविद्यालय को भेंट की है। इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार, वित्त अधिकारी संजय कुमार राय, सहायक कुलसचिव अमृतलाल, अजीत सिंह, श्रीमती बबिता सिंह, डा. अमित वत्स, प्रो. अविनाश पार्थीडेकर, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. मानस पांडेय, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. प्रदीप कुमार, डा. मनोज मिश्र, डॉ जाह्नवी श्रीवास्तव, डा. सुनील कुमार, डा. सुशील कुमार, डा. अनुराग मिश्र, डा. प्रमोद कुमार कौशिक, डा. लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, रामगोपाल आदि उपस्थित थे।

# मोहर्रम को लेकर बैठक सम्पन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मोहर्रम के आखिरी जुलूस के आयोजकों के द्वारा राठहवेली में बैठक संपन्न हुई। जिसमे शहर के सभी अंजुमन के अध्यक्ष ,सचिव ,और ताजियादार कमेटी के पदा अधिकारी एवम शहर के सम्मानित लोगो ने हिस्सा लिया। बैठक में ये निर्णय हुआ की चांद के अनुसार अगर 5 अक्टूबर (दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन ) के दिन को मोहर्रम के 8 रबी अवल का जुलूस पड़ता है तो अंजुमन असगरिया के अध्यक्ष वजीर हैदर साहब , सचिव इब्ने हसन समशी साहब, उपाध्यक्ष आरिफ हुसैन साहब, उप सचिव इमरान हैदर साहब , उप सचिव सलमान हैदर पार्षद साहब को सहसमती से ताजिदायदार कमेटी के साथ मिलकर आगे की कार्यवाही करने के लिए अधिकृत किया गया इस मौके पर ताजियादार कमेटी के अध्यक्ष हसन इकबाल सयोजक अशफाक हुसैन जिया साहब, सचिव मोनू मिर्जा , अध्यक्षता कर रहे हसन मुज्तबा साहब , शमीम अहमद साहब पूर्व अध्यक्ष मुनीर आब्दी साहब , मुन्ने राजा साहब , अहमद मेंहदी एवम शहर के सम्मानित लोग मौजूद रहे।

## गैंगेस्टर एक्ट के वाछिंत अभियुक्त को थाना सरायख्वाजा पुलिस ने किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण व गिरफ्तारी हेतु चालाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस





अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 27.09.2022 को प्रभारी निरीक्षक घनश्याम शुक्ल, व0उ0नि0 अवधनाथ यादव मय हमराह द्वारा मुखबीर खास की सूचना पर अभियुक्त मो0सैफ पुत्र कुदुस निवासी लपरी थाना सरायख्वाजा जौनपुर को उसके घर लपरी से समय करीब 05.00 बजे सुबह गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त उपरोक्त स्थानीय के मु0अ0सं0–36/2022 धारा– 3(1) उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट थाना सरायख्वाजा जौनपुर में फरार चल रहा था। जिसको आज दिनांक 27.9.2022 को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही कर मा0 न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है। नाम पता अभियुक्त व अपराधिक इतिहास। 1. मो0सैफ पुत्र कुदुस निवासी लपरी थाना सरायख्वाजा जौनपुर उम्र 20 वर्ष। – मु0अ0सं0 36/22 धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट थाना सरायख्वाजा जौनपुर। मु0अ0सं0 386/21 धारा 3/5ए/8 गोवध नि0अधि0 व 11 पशु क्रुरता अधि0 थाना सरायख्वाजा जौनपुर। गिरफ्तारी करने वाली टीम 1.प्र0नि0 घनश्याम शुक्ल थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर। 2.व0उ0नि0 अवधनाथ यादव थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर। 3.हे0का0 पवित्र भुषण तिवारी थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर। 4. का0 विनोद प्रजापति थाना सरायख्वाजा जौनपुर।

# विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर पेंटिंग प्रतियोगिता तथा हेरिटेज वॉक का हुआ आयोजन

जौनपुर सू.वि. : जनपद में विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर पर्यटन सूचना अधिकारी मीनाक्षी यादव पर्यटन विभाग जौनपुर के द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्राथमिक विद्यालय राशीपुर, सिरकोनी, जौनपुर में पर्यटन पर केन्द्रित पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के 50 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में श्रेयांश प्रजापति को प्रथम पुरस्कार, आकृति यादव को द्वितीय पुरस्कार एवं सुकृति को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती रीनू ने बताया कि विद्यार्थी हमारे देश के भविष्य है। विद्यार्थियों को देश की विविधता, संस्कृति और मूल्यों के बारे में जागरूक किया जाना चाहिए। इस तरह के आयोजन से विद्यार्थियों में अपने देश की विविधता एवं संस्कृति को जानने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर पर्यटन सूचना अधिकारी मीनाक्षी यादव, शिक्षिका सोनी यादव, दिनेश चंद्र प्रजापति, शीला देवी, लालबहादुर एवं अन्य लोग उपस्थित रहे। इसके साथ ही राजा श्री कृष्ण दत पी०जी० कॉलेज के विद्यार्थियों के साथ जनपद में शाही किला में हेरिटेज वॉक का भी आयोजन किया गया। इस हेरिटेज वॉक में पर्यटन सूचना अधिकारी के साथ कॉलेज के इतिहास विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर एवं जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के सदस्य डॉ0 धर्मवीर सिंह व माजिद हसन के साथ 35 विद्यार्थियों को शाही किले का भ्रमण कराया गया जिनमें वंदना, लक्ष्मी, कविता, बृजेश, आफताब, स्नेहिल आदि विद्यार्थी उपस्थित रहे। विद्यार्थियों को देश की संस्कृति एवं विरासत के संरक्षण तथा सौंदर्यीकरण के कार्यों से रूबरू कराया गया। उन्हें यह भी बताया गया कि किसी भी इमारत की स्थापत्य एवं वास्तु कला अपने अतीत की अनेकों कहानियों को कहती प्रतीत होती हैं। डॉ0 धर्मवीर सिंह ने विद्यार्थियों को बताया कि ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत हमारे देश की पहचान है और इनका संरक्षण करना हमारा दायित्व है। पर्यटन सूचना अधिकारी कि विश्व पर्यटन दिवस के इस वर्ष की थीम त्मजीपदापदह ज्वनतपेउ (पर्यटन पर पुनर्विचार) है। कोविड महामारी से सबसे अधिक प्रभावित होने वाला क्षेत्र पर्यटन है। पर्यटन एक ऐसा क्षेत्र है जो बहुत लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्रदान करता है। इस वर्ष पर्यटन को पुनः बढ़ावा देने एवं रोजगार के सृजन के लिए दुनियाभर में पर्यटन के विभिन्न क्षेत्रों पर नए सिरे से पुनर्विचार किया जा रहा है।

## थाना चन्दवक पुलिस द्वारा गैगेस्टर एक्ट के 2 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर द्वारा अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर डा0 संजय कुमार के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी केराकत श्री गौरव शर्मा के निकट पर्यवेक्षण में कार्यवाही करते हुए प्रभारी निरीक्षक चन्दवक श्री विजय शंकर सिंह के कुशल नेतृत्व में चन्दवक पुलिस द्वारा मुखबीर की सूचना पर गैगेस्टर एक्ट के वांछित अभियुक्तगण 1– बब्लू पुत्र बालकिशुन निवासी बहिरी थाना चन्दवक जनपद जौनपुर 2– ओमप्रकाश पुत्र चमेला निवासी रेहारी थाना चन्दवक जनपद जौनपुर को बलरामपुर तिराहे से आज दिनांक 27.09.2022 को समय प्रातः 04.45 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तदृ 1– बब्लू पुत्र बालकिशुन निवासी बहिरी थाना चन्दवक जनपद जौनपुर 2– ओमप्रकाश पुत्र चमेला निवासी रेहारी थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। आपराधिक इतिहास अभियुक्तगण– 1– मु0अ0सं0 88/21 धारा 3/5A/8 गोवध





निवारण अधि0 व 11 पशु क्रुरता अधि0 थाना चन्दवक जौनपुर 2– मु0अ0सं0 167/22 धारा 3(1) उ0प्र0 गैगेस्टर एक्ट थाना चन्दवक जौनपुर। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम दृ1– प्रभारी निरीक्षक श्री विजय शंकर सिंह थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। 2– व0उ0नि0 श्री मुरलीधर थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। 3– हे0का0 संजय सिंह थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। 4– हे0का0 ऋषितोष राय थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। 5– हे0का0 मो0 आलम थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। 6– का0 नीरज कुमार थाना चन्दवक जनपद जौनपुर।

## 20 में सेकंड 28 राज्यों के नाम बताओ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : बच्चों को सामान्य ज्ञान में प्रभावी बनाने के उद्देश्य से मंगली पुरवा स्थित श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल में समय पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है इसी क्रम में' 28 राज्यों के नाम 20 सेकंड में बताओ ,पुरस्कार पर आओ' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 2 सैकड़ा बच्चों ने भाग लेकर अपनी बुद्धिमता का परिचय दिया। बच्चों ने बेहद रोचक तरीके से 20 सेकंड में 28 राज्यों के नाम बता कर सभी को हतप्रभ कर दिया बच्चों की बुद्धिमत्ता देखकर सभी दर्शको ने तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता का आयोजन शिक्षिका कविता गुप्ता तथा अर्पिता सिंह के कुशल निर्देशन में हुआ । विद्यालय प्रबंधक मुकेश सिंह व प्रधानाचार्य लक्ष्मी देवी ने प्रतिभाग कर के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत करके उनका उत्साहवर्धन किया। कक्षा 6 के छात्र अभिराज को प्रथम ,कक्षा 7 के छात्र अमन को द्वितीय ,कक्षा आठ की छात्रा समीक्षा आदित्य गुप्ता को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ । प्रबंधक मुकेश सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी बच्चों को विद्यालय में समय–समय पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर के अपने कौशल व प्रतिभा को निखारने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन समय–समय पर होता रहे जिससे बच्चों को अपनी प्रतिभा निखारने व प्रदर्शित करने का मौका मिलेगा। इस अवसर पर शिक्षिका दिव्या सिंह, बीना गुप्ता, विनीता शुक्ला, रचना प्रजापति ,रेखा रानी ,नैंसी गुप्ता, आरती मिश्रा, मीनाक्षी ,रोली, नीलम, राम प्रकाश पांडे ,अशोक कुमार गुप्ता, शुभम सिंह ,उदय शुक्ला ,भूपेश सिंह ,पूजा सिंह,आरती वर्मा, आरती मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# इस बार अयोध्या की रामलीला में सोमवार को भारी संख्या में उमड़ी दर्शकों की भीड़

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)इस बार तीसरे वर्ष पवित्र सलिला सरयू नदी के किनारे स्थित लक्ष्मण किला मैदान में फिल्मी कलाकारों द्वारा राम लीला का मंचन किया जा रहा है। इस बार सबसे बड़ी बात यह है कि इस रामलीला में बिना किसी रोक टोकघ्ध के दर्शक भारी संख्या में यहां पर रामलीला देखने आ रहे हैं।अगर देखा जाए तो पिछले दो वर्षों से कुछ ही दर्शकों को लक्ष्मण किला के अंदर आकर रामलीला को देखने को मिलता था वही इस बार अधिकतर दर्शक रामलीला देखने कम वहां पर रामलीला में विभिन्न भूमिकाओं को निभाने आये फिल्मी कलाकारों को भी देखने आ रहे हैं।अगर देखा जाए बार भी अयोध्या की रामलीला में फिल्म जगत से जुड़े तीन सांसद भी विभिन्न भूमिकाओं में दिखेंगे।गोरखपुर के सांसद रवि किशन केवट, सांसद मनोज तिवारी परशुराम और आजमगढ़ सांसद निरहुआ लक्ष्मण का किरदार निभाने अयोध्या आ रहे हैं। वही इस बार अयोध्या की रामलीला में भाग्यश्री रजा मुराद, बिंदु दारा सिंह, शाहबाज खान, मनोज शर्मा, दीक्षा रैना, राहुल बूचर, गजेंद्र चौहान, राकेश बेदी सहित करीब 30 कलाकार विभिन्न भूमिकाओं में दिखेंगे। अगर देखा जाए तो पिछले साल ऑनलाइन प्लेटफार्म पर विश्व भर में करीब 22 करोड़ ने रामलीला देखी थी। इस पूरे कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने में करीब 300 लोग जुटे हैं। रामलीला के लिए 1600 फीट का सेट बनाया गया है।वही रामलीला की थ्रीडी तकनीक आकर्षण बढ़ाती है।रामलीला के मंच पर एलईडी स्क्रीन है, उस पर रामायण काल



के बैकग्राउंड को थ्रीडी पर प्रस्तुत किया जा रहा है। रामलीला के सेट को दिल्ली के करीब 30 कलाकारों ने बनाया है। बताया कि ये कलाकार फिल्मी दुनिया से जुड़े हैं और सेट बनाने के विशेषज्ञ हैं। फिल्मी दुनिया से जुड़ी मेकअप आर्टिस्ट लीजा सभी फिल्मी कलाकारों का मेकअप करती हैं। मालूम हो कि लीजा मुंबई की हैं और कई बड़ी फिल्मों में मेकअप आर्टिस्ट रह चुकी हैं। रावण की भूमिका निभा रहे अभिनेता शहबाज खान ने कहा कि अयोध्या की धरती ने हमेशा से ही शांति व सौहार्द का पैगाम दिया है।रामलीला के माध्यम से हम कलाकार भी पूरे देश को यही संदेश देना चाहते हैं। वही महाभारत में शकुनि की भूमिका निभाने वाले अभिनेता गुफी पेंटल भी अयोध्या की रामलीला में नारद की भूमिका में है।वे कहते हैं कि भले ही उन्होंने महाभारत में पात्र किया था लेकिन रामलीला में वे बचपन से जुड़े रहे।इसी कड़ी महाभारत सीरियल में धृतराष्ट्र का किरदान निभाने वाले अभिनेता गिरिजा शंकर रामलीला में महाराजा दशरथ की भूमिका निभा रहे हैं। कहा कि अयोध्या आकर मन अविभूत है, यहां की धार्मिकता प्रभावित करती है।

## अग्निशमन मानक के अनुसार करे पंडालों का निर्माण – सीएफओ

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले में इस समय कोरोना काल के बाद दुर्गा पूजा व रामलीला का मंचन बहुत ही जोर शोर से हो रहा है।इसके लिये दुर्गा पूजा व रामलीला कमेटी के इसे अधिक आकर्षण बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं।वैसे इस बार दुर्गा पूजा व रामलीला मंचन के दौरान शहर क्षेत्र में ग्रामीण क्षेत्रों से अधिक संख्या में दर्शको की भीड़ रामलीला व दुर्गा पूजा देखने आ सकती है।जिसके चलते इस दौरान किसी भी तरह की कोई अप्रिय स्थिति न उत्पन्न हो इसके लिए जहां एक ओर जिलाधिकारी नितीश कुमार व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा के दिशा निर्देश पर जिले के सभी थाना क्षेत्रों में संबंधित पुलिस व जिला प्रशासन के अधिकारी दुर्गा पूजा व रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों के साथ शांति कमेटी की बैठक कर वहां पर उत्पन्न समस्या से रूबरू होकर उसका निजात करा रहे हैं।वही इसी कड़ी में मुख्य अग्निशमन अधिकारी अयोध्या राज किशोर राय भी दुर्गा पूजा व रामलीला कमेटी के पदाधिकारी अग्निशमन विभाग के मानकों के मुताबिक ही पंडालो का निर्माण कार्य करे। एक मुलाकात में उन्होंने बताया कि वे अपने अधीनस्थ फायर ब्रिगेड के कर्मियों के साथ इस दुर्गा पूजा व रामलीला मंचन के लिए बन रहे पंडालों का बारीकी से निरीक्षण भी कर रहे हैं। इस मौके पर उन्होंने दुर्गा पूजा व रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों से अपील कि रामलीला व दुर्गा पूजा का पंडाल का निर्माण ट्रांसफॉर्मर व बिजली के तारो के नीचे न किया जाए। इसके साथ ही साथ बिजली के खंभों से कनेक्शन नंगे तारों



के द्वारा न लिया जाए।इस मौके उन्होंने कहा कि बिजली के तारो को सुरक्षित व कटआउट युक्त लगाया जाये।वही पंडाल की उंचाई तीन मीटर से कम न हो व जहां तक हो सके पंडाल बनाने में नारियल की रस्सी का प्रयोग करें। इस मौके पर उन्होंने बताया कि पंडाल के अंदर हैलोजन बल्ब,कम से कम ढाई मीटर चौड़ी दो निकास द्वार सहित अन्य अग्निशमन मानको का ख्याल करते हुये पंडाल का निर्माण कार्य कराये। वही आग से बचने के लिए उन्होंने सभी दुर्गा पूजा व रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों से अपील करते हुए कहा कि सभी पदाधिकारी अपने अपने पंडाल के बालू से भरी बाल्टी, पानी से भरा ड्रम होना आवश्यक है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी भंडारा आयोजन के दौरान एक ही गैस सिलेंडर को रखे। वहां पर और अधिक संख्या में गैस सिलेंडर नहीं रखें।इस मौके पर अग्निशमन यंत्र अवश्य रखें जाये तथा वहां पर मौजूद कारीगरों को उस यंत्र के बारे में जानकारी हो।उन्होंने बताया कि अगर कही किसी भी तरह की अप्रिय घटना घटती है तो बिना देरी किए व घबराये 9454402648 व 9454418709 को सूचना दे। सूचना देते समय वहां की भौगोलिक स्थिति को जरुर बताएं कि वहां पर बड़ी गाड़ी व छोटी गाड़ी में से कौन सी गाड़ी जा सकती है।

# एमओयू से आधुनिक शिक्षा व शोध क्षेत्र को मिलेगी गति

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मत्स्यिकी महाविद्यायल के कमेटी हाल में आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय व भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद दिल्ली के राष्ट्रीय मत्स्यिकी अनुसंधान ब्यूरो लखनऊ के बीच एक ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ। मत्स्यिकी अनुसंधान लखनऊ की ओर से निदेशक डा. कुलदीप कुमार लाल व आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने हस्ताक्षर किया। इस समझौते से अब तकनीकि आदान–प्रदान हो सकेगा। विश्विद्यालय के कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने बताया कि इस तकनीकी समझौते से छात्रों को आने वाले समय में आधुनिक शिक्षा व शोध के क्षेत्र में लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि मत्स्यिकी के क्षेत्र में रोजगार की संभावनाएं बहुत अधिक हैं। मत्स्यिकी अनुसंधान ब्यूरो लखनऊ के निदेशक डा. कुलदीप कुमार लाल ने कहा कि यह समझौता दोनों संस्थानों के बीच सेतु का काम करेगा। उन्होंने उद्देश्यों व कार्य करने की शैली का जिक्र करते हुए कहा कि यह संस्थान मत्स्यिकी जैव विविधता के संरक्षण में महत्वपूर्ण महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के उपमहानिदेशक डा. आई. जे सिंह ने मत्स्यिकी के क्षेत्र को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इसमें रोजगार की संभावना बहुत अधिक है। कार्यक्रम से पूर्व कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने स्मृति चिह्न भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन कुलपति के सचिव डा. जसवंत सिंह ने किया तथा मत्स्यिकी विभाग के अधिष्ठाता ए.के गंगवार ने धन्यावाद ज्ञापित किया।

# नवरात्रि में नौ दिन करिए बाबा अमरनाथ की झांकी के दर्शन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) राम जानकी मंदिर फतेहगंज में अबकी बार शारदीय दुर्गा पूजा महोत्सव का 50 वा स्वर्ण जयंती वर्ष है। नव युवक क्रांतिकारी संघ के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता ने बताया कि 1972 में दुर्गा पूजा महोत्सव की स्थापना स्वर्गीय श्री भगवान जयसवाल के नेतृत्व में की गई थी। तब से अनवरत महोत्सव होता चला आ रहा है। 50 वे वर्ष को आकर्षक बनाने के लिए भव्य झांकी बाबा अमरनाथ बर्फानी, महिषासुर मर्दिनी, राम दरबार, काशी विश्वनाथ,सहित अनेक झांकियां सजाई जाएंगी। झांकी लखनऊ के कलाकारों द्वारा सजाई जा रही है। झांकी में झरने पहाड़ इत्यादि सजाए जा रहा है। मुख्य अतिथि सांसद लल्लू सिंह एवं सदर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता के द्वारा पूजा पंडाल का उद्घाटन किया जाएगा। पूजा पंडाल का दर्शन 4 अक्टूबर तक होगा। 5 अक्टूबर को राम जानकी मंदिर फतेहगंज से शाम 5 बजे भव्य शोभायात्रा गुप्तार घाट के लिए निकलेगी। नवयुवक क्रांतिकारी संघ के उपाध्यक्ष नीलकमल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आशीष अग्रहरी, महामंत्री अभय रावत, संरक्षक नीरज सिंघल, अशोक अग्रवाल, जुगल किशोर, पिंचू, आशीष गौड़ सहित अन्य कार्यकर्ता भी पूजा पंडाल सजाने में सहयोग कर रहे हैं।

# नवरात्रि पर्व पर डाकघर में सुकन्या खाता खुलवाकर करें कन्या पूजन : पी के सिंह

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) इस समय सशक्त बेटियां सशक्त समाज अभियान के तहत अब नवरात्रि में डाक कर्मी टीम बनाकर गरीब कन्याओं को समृद्ध बनाने के लिए सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाकर कन्या पूजन का संकल्प पूरा करवायेंगे।नवरात्रि पर्व पर सशक्त बेटियां सशक्त समाज विशेष अभियान की सफलता के लिए बीकापुर उपडाकघर में मण्डल के प्रवर अधीक्षक डाकघर पी के सिंह ने अपने अधीनस्थ शाखा पोस्टमास्टर के साथ बैठक कर सशक्त बेटियां सशक्त समाज अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने उन्हें निर्देश दिया कि नवरात्रि पर्व पर सभी डाककर्मी सभी बेटियों का सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाकर नव दुर्गा रूपी कन्या का पूजन करें उन्होंने यह भी कहा कि सुकन्या समृद्धि योजना में नवरात्रि नौ दिन का है लेकिन सुरक्षा हर दिन का होता है। इसके लिए अयोध्या व अम्बेडकरनगर में शिविर एवं घर घर सम्पर्क के करने के लिए टीम गठित कर दिया गया है श्री सिंह ने कहा कि जनता नवरात्र में गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन कर रहे परिवार की बेटियों का डाकघर में सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाकर कन्या पूजन कर सकते हैं यह कार्य नवरात्र में किया जाए तो और भी पुण्य मिलेगा, क्योंकि नवरात्र में कन्याओं का बहुत महत्व होता है। इस दौरान कन्याओं की पूजा की जाती है। लोग कन्याओं को घर आमंत्रित कर पूजा कर उन्हें उपहार देते हैं। बेटियों के सशक्तिकरण के लिए यदि इस तरह के प्रयास साल भर किए जाए तो बेटियों का भविष्य सुधारा जा सकता है। उन्होंने अपील की है कि गरीब कन्याओं के सुखद भविष्य की स्थापना को लेकर उनका डाकघर में सुकन्या समृद्धि योजना में खाते खुलवाकर उन्हें नवरात्र का उपहार दे सकते हैं। सुकन्या का खाता खुलवाने के लिए बिटिया के जन्म प्रमाण पत्र की प्रति और उसके माता–पिता का आधार की प्रति और दो फोटो के साथ नजदीकी डाकघर में संपर्क किया जा सकता है।इस दौरान सुकन्याओं को पासबुक उपहार भी वितरित किया गया। इस दौरान सहायक अधीक्षक डाकघर जय प्रकाश, सत्येन्द्र प्रताप सिंह, रविन्द्र कुमार तिवारी, अम्बिका यादव, जय प्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे।

## रोजाना सांस्कृतिक भजनों के सुर से भक्तिमय होगी गुप्तारघाट : भजन गायक अनूप जलोटा छः को करेंगे कार्यक्रम का शुभारंभ

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)इस समय जहां एक ओर राम नगरी अयोध्या में पर्यटन की दृष्टि से मोदी व योगी सरकार द्वारा कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जा रही है।इस समय जहां एक ओर अयोध्या में पवित्र सलिला सरयू नदी के तट पर स्थित लक्ष्मण किला मैदान में विश्व स्तर पर अयोध्या की रामलीला हो रही है।वही नया घाट स्थित नवसृजित लता मंगेशकर चौराहे का उद्घाटन वर्चुअल तरीके से देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 सितंबर को करेंगे। जहां पर सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अन्य मंत्री, भाजपा विधायक व साधू संत मौजूद रहेंगे। वही इसी कड़ी में आगामी छ अक्टूबर को श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में सरयू के गुप्तारघाट तट पर रोजाना सांस्कृतिक कार्यक्रम, योग सत्र के साथ पूजन–अनुष्ठान के कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर पर सुप्रसिद्ध भजन गायक अनूप जलोटा छह अक्टूबर को कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। अगर देखा जाय तो श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक बड़ी पहल की गई है। जिसके तहत अयोध्या के घाट पर रोजाना सांस्कृतिक कार्यक्रम और योग के सत्र के साथ–साथ पूजन.अनुष्ठान के कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। ये सभी कार्यक्रम परियोजना अनेक शीर्ष संस्कृति कर्मियों से संरक्षित–सेवित संगठन ओंकारम की ओर से प्रस्तावित किए जाएंगे। जिसकी शुरुआत रामनगरी में ही सरयू के गुप्तारघाट तट से की जाएगी। वहीं सुप्रसिद्ध भजन गायक अनूप जलोटा छह अक्टूबर को कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे।दरअसल, अनूप जलोटा की कार्यक्रम में उपस्थिति अतिथि के तौर पर न होकर इस अभियान के प्रेरक व संरक्षक के तौर पर होगी।बता दें कि ओंकारम वस्तुतः देश के शीर्ष संस्कृति कर्मियों और शास्त्रीय संगीतज्ञों का एक



समूह है, जो सांस्कृतिक गौरव बोध के साथ इस अभियान को गति देने में लगा हुआ है। इस समूह में मशहूर सिंगर सोनू निगम समेत संगीत के क्षितिज पर शर्मा बंधु के नाम से विख्यात उज्जैन के राजीव, मुकेश, अखिलेश और मिथिलेश शर्मा, मुंबई की स्वर्णिमा गुसाईं जैसे कई सितारे शामिल हैं। अभियान के आरंभ की भावभूमि तैयार करने गुरुवार को रामनगरी पहुंचे संगीतज्ञ नबरुन चटर्जी ओंकारम का उद्देश्य स्पष्ट करने के लिए संगठन के स्टेटस की ओर इशारा करते हुए दोहराते हैं, जो हमारी संस्कृति की व –हमारा गौरव है। इसके अलावा मिली जानकारी के मुताबिक अयोध्या के घाट समेत ये सांस्कृतिक कार्यक्रम गोरखपुर स्थित राप्ती नदी के तट पर भी होगा। इसके अलावा प्रयागराज स्थित संगम, लखनऊ स्थित गोमती, कानपुर स्थित गंगा और गढ़ मुक्तेश्वर में भी गंगा के घाट आप्लावित होंगे।इन शहरों में नियत घाटों पर प्रस्तुति के लिए ओंकारम को प्रदेश सरकार की अनुमति भी मिल गई है। नदी के घाटों पर योग सत्र से शुरू होने वाला कार्यक्रम सुबह और शाम दोनों समय पर नदियों के पूजन–अर्चन के साथ शुरू होगा। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी संयोजित की जाएंगी। इसके साथ ही साथ संगीत का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

## महिला की तहरीर पर 6 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) रुदौली पुलिस ने महिला की तहरीर पर सास,ससुर,ननद व पति सहित 6 लोगों के खिलाफ दहेज प्रथा सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार सफीना अख्तर पुत्री मुस्ताक अहमद निवासी भेलसर की शादी इसी कोतवाली अंतर्गत हलीम नगर निवासी मोहम्मद कासिम पुत्र अब्दुल करीम के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से 24 जुलाई 22 को हुई थी।आरोप है कि विपक्षी जन के परिजन सास फहमीदा बानो,ससुर अब्दुल करीम,ननंद फायजा बानो,जेठानी साहिबा,देवर आकिब द्वारा ताना दिया जाता था और कम दहेज की बात को लेकर मेरे पति द्वारा मेरी पिटाई की गई।किसी तरीके से रिश्ता न बिगड़े मैं सब कुछ सहते हुए व पति के जुआ खेलने व शराब पीने की बात मैंने मायके वालों से छिपाया।साथ ही पीड़ित महिला ने बताया कि 21 सितंबर को मेरे पति द्वारा मायके वालों से 300000 मांगने की बात कही।मेरे मना करने पर मेरी पिटाई की और सभी जेवरात छीन लिया।इतना ही नहीं बिना डाक्टरी सलाह के मुझे दवा खिला दिया जिससे 3 सप्ताह का बच्चा भी खराब हो गया।मुझे बंधक बनाकर मेरे पति मुझे जान से मारना चाह रहे थे इसकी सूचना डायल 112 की पुलिस को दी गई।पुलिस पहुंचने के पहले मेरे पति कासिम के द्वारा तलाक तलाक तलाक बोलकर तीन तलाक दे दिया गया। मौके पर पहुंची पुलिस किसी तरीके से मुझे बाहर निकलवाया तब मेरी जान बची।अब मैं अपने मायके पहुंची आते समय पति के द्वारा मेरे अब्बू व भाई को जान से मारने व अश्लील वीडियो ऑडियो वायरल करने की धमकी दी गई।मामले को लेकर कोतवाल शशिकांत यादव ने बताया की पीड़िता की तहरीर पर सास फहमीदा बानो,ससुर अब्दुल करीम,ननंद फायजा बानो,पति मोहम्मद कासिफ समेत 6 लोगों के खिलाफ धारा 498 ए,323,313,506 सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# केंद्रीय दुर्गा पूजा रामलीला समन्वय समिति तहसील रुदौली की समीक्षा बैठक सम्पन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) तहसील केंद्रीय दुर्गा पूजा रामलीला समन्वय समिति तहसील रुदौली की समीक्षा बैठक मां कामाख्या धाम नगर पंचायत में विधायक रामचंद्र यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में केंद्रीय दुर्गा पूजा रामलीला समन्वय समिति तहसील रूदौली के अध्यक्ष अनिल मिश्रा ने बदहाल रूदौलो अमानीगंज मार्ग,रूदौली रेचघाट मार्ग,रुदौली एहार मार्ग,हाईवे से कैथी मार्ग डीएम की बैठक में उठाये जाने के बाद भी सही न होने का मुद्दा उठाया।महामन्त्री दुर्गेश श्रीवास्तव ने ग्रामीण क्षेत्र में सफाई कर्मियों के ग्रामीण क्षेत्र की समितियों के पंडाल और मार्गो की सफाई का मुद्दा उठाया।समन्वय समिति के उपाध्यक्ष राजकिशोर ने प्रमुख मार्गो पर लटकी हुई डालियों की कटाई कराये जाने और शहर के मोबाइल ट्रांसफार्मरों को शारदीय नवरात्र पर्व पर खाली रक्खे जाने माँग की।सेक्टर प्रमुख प्रमुख प्रदीप तिवारी ने विसर्जन के दौरान कैथी घाट पर प्रकाश व्यवस्था और पर्याप्त पुलिस व्यवस्था किए जाने की बात कही। विधायक राम चन्द्र यादव ने लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता से सभी मार्गों को नवरात्रि विसर्जन से पूर्व मोटरेबल मार्ग बनाने के लिए कहा।विधायक ने नगर पालिका परिषद रुदौली के अधिशासी अधिकारी और मां कामाख्या धाम नगर पंचायत के प्रभारी अधिशासी अधिकारी से नगर क्षेत्र के सभी पूजा पंडालों के पास साफ सफाई और प्रकाश व्यवस्था को सही कराते हुए टूटे हुए मार्गों को सही कराने के लिए कहा।विधायक ने कहा शारदीय नवरात्रि पर्व पर विद्युत कटौती मुक्त विद्युत आपूर्ति रहेगी।उपजिलाधिकारी स्वप्निल यादव ने शारदीय नवराति पर्व के सम्बंध में जिलादिकरी के निर्देश का शत प्रतिशत पालन करने के निदेश दिए।खंड विकास अधिकारी मवई,अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद रुदौली,मेला समिति अध्यक्ष मां कामाख्या धाम शेर बहादुर सिंह के साथ विसर्जन घाट का निरीक्षण किया।इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रुदौली शशिकांत यादव,थानाध्यक्ष बाबा बाजार मनोज कुमार यादव,वरिष्ठ उपनिरीक्षक थाना मवई रामचेत यादव,प्रभारी निरीक्षक थाना पटरंगा रामबालक,उपखंड अधिकारी पटरंगा देव कुमार,सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग अरविंद यादव,डिप्टी रेंजर वीरेंद्र तिवारी सहित दुर्गा पूजा रामलीला समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## विश्व पर्यटन दिवस के उपलक्ष्य में एमटीए विभाग में प्रतियोगिता आयोजित

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के एम०टी०ए० विभाग द्वारा विश्व पर्यटन दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत सोमवार को रंगोली, पोस्टर, फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली मे अंकिता, दिव्यांश सिंह एवं अभिनव सिंह प्रथम रहे। वहीं अमृता यादव एवं अंकिता श्रीवास्तव को द्वितीय, कुलदीप कुमार मौर्या, स्तुति सिंह और अमन शर्मा तृतीय स्थान पर रहे। दूसरी ओर पोस्टर प्रतियोगिता में अंशिका प्रथम, अमरेन्द्र द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं फाटोग्राफी में आँचल प्रथम नमामिशम पाठक द्वितीय स्थान एवं तृतीय स्थान पर दिव्यांश वर्मा रहे। इस प्रतियोगिता में एमटी०ए० एवं वी०वॉक टूरिज्म हास्पिटालिटी के छात्र–छात्राओं ने सहभागिता दी। प्रतियोगिता का शुभारम्भ अविवि सलाहकार समिति के अध्यक्ष व विभाग के समन्वयक प्रो० अजय प्रताप सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्र–छात्राओं मे व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करने के साथ पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है। प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में डॉ०सरिता द्विवेदी, डॉ० शिवांश श्रीवास्तव व डॉ० शालिनी सिंह रही। कार्यक्रम के दौरान विभागीय शिक्षक डॉ० दिलीप कुमार सिंह, डॉ० सरोज सिंह, डॉ० साक्षी सिंह, डॉ० मो० सादिक सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# लम्पी वायरस डिजीज की रोकथाम हेतु प्रारंभ किए जाने वाले टीकाकरण का हुआ शुभारंभ

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) पशुपालन विभाग द्वारा गोवंशीय पशुओं के विषाणु जनित चर्म रोग लम्पी वायरस डिजीज की रोकथाम हेतु प्रारंभ किए जाने वाले टीकाकरण का शुभारंभ जिलाधिकारी नितीश कुमार एवं मुख्य विकास अधिकारी अनिता यादव द्वारा टीकाकरण वाहन को हरी झंडी दिखाकर कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना कर किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में टीकाकरण हेतु पशु चिकित्सा अधिकारियों के निर्देशन में 36 टीमों का गठन किया गया है। सर्वप्रथम प्राथमिकता के आधार पर जनपद के समस्त 33 गो–आश्रय स्थलों पर टीकाकरण किया जाएगा। तत्पश्चात नगर निगम क्षेत्र के 10 किलोमीटर एवं नगरपालिका तथा नगर पंचायत क्षेत्र के 5 किलोमीटर की परिधि में 4 माह से अधिक समस्त गोवंशों में टीकाकरण किया जाएगा। इसी के साथ ही पूरे जनपद में टीकाकरण का कार्य रोस्टर



के अनुसार किया जाएगा। जनपद में प्रतिदिन 4000 टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि अभी तक जनपद में किसी भी पशु में लम्पी वायरस डिजीज के लक्षण नहीं पाए गए हैं। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के0के0 सिंह व मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सहित पशुपालन विभाग के चिकित्सक व टीकाकरण से संबंधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मां कामाख्या धाम की होनहार बेटी मृदुला पांडेय को मिली पीएचडी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)आचार्य नरेन्द्रदेव कृषि एवं प्रोद्योगोकि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा में ग्रह जनपद के ग्राम सैदपुर के प्रधान प्रतिनिधि तथा मां कामाख्या धाम की होनहार बेटी मृदुला पांडेय ने डॉक्टर साधना सिंह के सानिध्य में रहकर उत्तर प्रदेश के चार कृषि महाविद्यालयों की मात्र एक सीट पर पीएचडी खाद्य एवं पोषण विज्ञान में अपना स्थान बनाया है।खाद्य विज्ञान एवं पोषण विभाग की सह प्रध्यापिका डॉक्टर साधना सिंह ने बताया कि जिस उद्योग से शोध छात्रा मृदुला पांडेय ने यह कीर्तिमान स्थापित किया है निशिचत एक सफल कामयाबी का द्योतक है।शोध छात्रा मृदुला पांडेय ने अपने माता पिता व गुरुजन के प्रेरणा बताया है कि खाद्य विज्ञान एवं पोषण विभाग उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी की प्रवेश परीक्षा प्रति वर्ष उत्तर प्रदेश के चार कृषि महाविद्यालयों में प्रवेश हेतु सामूहिक रूप से आयोजन की जाती है।सामयदायिक विज्ञान एक एक चार वर्षीय डिग्री कार्यक्रम है जो सामयदायिक विज्ञान एक उभरता हुआ विषय है जो बालिकाओं की गुड़वत्ता युक्त रोजगार परक शिखा का महत्वपूर्ण केंद्र है।सामयदायिक विज्ञान में खाद्य विज्ञान एवं पोषण उपचारक, आहार, खाद्य प्रसंस्करण आदि की जानकारी है रोजगार की दृष्टि से इस विषय मे अपार संभावनाएं हैं।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।